तापमान

अधिकतम 33.5 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 30 सितंबर 2024

8 लोहारीडीह कांड के विरोध में साहू समाज ने किया प्रदर्शन



9 स्वच्छता रथ : धमधा में चल रहा जागरुकता अभियान





# मां बम्लेश्वरी दर्शनार्थियों के लिए डोंगरगढ़ में बढ़ा ट्रेनों का अस्थायी स्टॉपेज


हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नवरात्र पर मां बमलेश्वरी देवी का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने ट्रेनों की सुविधा बढ़ाई है। डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में कई ट्रेनों का अस्थाई स्टॉपेज दिया गया है। नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू हो रही है। इसे मां के दरबार में भक्तों की भीड़ बढ़ने वाली है। इस दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में भी भक्तों की संख्या बढ़ेगी। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने नवरात्रि के दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर के बीच 9 दिनों के लिए दोनों दिशा में इन ट्रेनों का अस्थाई स्टॉपेज रहेगा। कुछ ट्रेनों का डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार किया है।

### इन ट्रेनों की मिलेगी सुविधा

रेलवे शेड्यूल के मुताबिक गाड़ी संख्या 08742-08741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू स्पेशल को रायपुर तक विस्तारित किया है। गाड़ी संख्या 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12721 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिया है। गाड़ी संख्या 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी, गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 20845 बिलासपुर-बीकानेर, 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 12852 चेन्नई-बिलासपुर, 12849 बिलासपुर-पुणे, 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ स्टेशन में अस्थाई स्टॉपेज रहेगा।

## 3 से 12 अक्टूबर तक चलेगी श्रद्धालुओं के लिए ये ट्रेनें, स्टेशनों पर भी यात्री सहायता केंद्र और पेयजल की सुविधा बढ़ाई



### करोड़ों का मिलता है राजस्व

रेलवे को हर साल नवरात्र के पर्व पर श्रद्धालुओं की देवीदर्शन यात्रा से करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता है। नियमित ट्रेनों के अलावा इस पर्व पर एक्सप्रेस ट्रेनों का भी स्टॉपेज रेलवे ने दिया है। जिसकी वजह से बिलासपुर, रायपुर की तरफ से आने वाली और नागपुर तरफ से आने वाली ट्रेनों को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाता है।



### सहायता केंद्र सहित अन्य सुविधाएं भी

डोंगरगढ़ मेला में रेलवे ने यात्री सहायता केन्द्र, अतिरिक्त टिकट खिड़की, पूछताछ केन्द्र, मूत्रालय, शौचालय की सुविधा दी है। उद्घोषणा प्रणाली से ट्रेनों की जानकारी दी जाएगी। सफाई कार्य के लिए अतिरिक्त कर्मचारी रखे गए है। नागरिक सुरक्षा संगठन, स्काउट गाईडस, टिकट जांच कर्मचारी, अतिरिक्त रेलवे स्टाफ, वाणिज्य निरीक्षकों को अस्थाई रूप से नियुक्त किया है। यहां 24 घंटे प्रकाश व पेयजल की सुविधा रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सेक्टर-1 सोसायटी की वार्षिक आमसभा आज

**भिलाई।** बीएसपी इम्पलाइज कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड सेक्टर 1 भिलाई की वार्षिक आमसभा 30 सितंबर को सुबह 10 बजे मानव आश्रम सेक्टर 1 भिलाई में होगी। अध्यक्ष जितेन्द्र यादव ने बताया कि संस्था का वार्षिक प्रगति पत्रक पेश किया जाएगा। सभी सदस्यों को सभा में शामिल होने की अपील की है।

### नाबालिग से अनाचार का आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने एक 12 साल के बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी मराठी मोहल्ला सुपेला का रहने वाला मयूरेश मेश्राम है। मयूरेश ने नाबालिक बालक को बहला फुसलाकर बिना जानकारी के अपने घर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा140(4) बीएनएस, 4 पाक्सो एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### नशे के लिए पैसा मांगा नहीं दिया तो मोब. छीना

**भिलाई।** ग्राम ईरा थाना सोमनी राजनांदगांव निवासी शेखर साहू (37 वर्ष) पुलगांव चौक पर लूट का शिकार हो गया। अज्ञात आरोपी ने पहले उससे नशे के लिए पैसे मांगे, नहीं देने पर चाकू दिखाकर मोबाइल फोन छीन लिया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वह एक ट्रक में तेल लोड कर राजनांदगांव से खरासिया जा रहा था। नो इंट्री की वजह से पुलगांव चौक में खड़ा हुआ था। इस बीच आरोपी वहां आया और घटना को अंजाम दिया। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

**बड़ी सफलता :** धार जिले में 22 दिन की कैंपनिंग के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

# 500 सीसीटीवी फुटेज व 1000 मोबाइल खंगाले तब पकड़ाया अंतर्राज्यीय डकैत गिरोह का सरगना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दुर्ग पुलिस को तीन महीने पहले अंजोरा में पति-पत्नी को बंधक बनाकर डकैती के मामले में बड़ी सफलता मिली है। इस मामले के खुलासे में त्रिनयन एप की रही महत्वपूर्ण भूमिका रही। तरीका वारदात आपराधिक भील गिरोह मध्यप्रदेश का होने से धार झाबुआ में पतासाजी के लिए कैंप भी किया।

धार झाबुआ क्षेत्र में लगातार 22 दिनों तक कैंप कर 500 सीसीटीवी कैमरें फुटेज खंगालने के बाद अंतर्राज्यीय डकैत गिरोह का सरगना भंगू डावर निवासी नरवानी थाना टांडा जिला धार को पकड़ा है। सरगना तक पहुंचने के लिए पुलिस ने एक हजार से भी अधिक मोबाईल नंबरों का विश्लेषण किया।उनके साथ ही डकैतों का एजेंट को भी दुर्ग में पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस की टीम धार जाकर माल बरामद करेगी।

## दुर्ग सहित प्रदेश में 5 जगह डकैती को अंजाम दिया इस गिरोह ने



### विशेष टीम की ऐसी रही रणनीति

पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला ने स्वयं घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया और आरोपियों की शीघ्र पतासाजी करने के निर्देश दिए थे। एक विशेष टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु लगाई गई थी। सीसीटीव्ही से प्राप्त फुटेज व तरीका वारदात के आधार पर आरोपियों की पहचान आपराधिक भील गिरोह धार झाबुआ के रूप में हुई। जहां थाना टांडा एवं टीम के द्वारा घेराबंदी कर लगातार कई प्रयासों के बाद अंततः भंगू डावर निवासी नरवाली को पकड़ने में सफलता मिली। भंगू डावर से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी दिलीप, गणपत, भाया, अनिल राठौर, अनिल बघेल के साथ मिलकर ग्राम रसमड़ा में डकैती एवं एनएसपीसीएल रूआंबांधा, खम्हारडीह क्षेत्र रायपुर मे चोरी करना स्वीकार किया। इस कार्यवाही में डीएसपी क्राईम हेमप्रकाश नायक, उनि रामनारायण सिंह ध्रुव, गुप्तेश्वर, प्रदीप सिंह, चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक बालमुकुंद साहू, अश्वनी यदु, बृजमोहन सिहं, ऋषि यादव, सुमन मंडावी, आरती सिंह की अहम भूमिका रही।

### दंपती को बांध कर डकैती

प्रार्थी दिलीप मिश्रा उम्र 52 निवासी गनियारी रोड दिलीप टिंबर रसमड़ा चौकी अंजोरा द्वारा 8 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 7-8 की दरमियानी रात्रि टिंबर में अज्ञात पांच नकाबपोश ने घर का दरवाजा तोड़कर उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। उनके हाथ पैर बांधकर आलमारी तोड़ उसमें रखे करीबन 35 तोला सोने के जेवरात सोने व नगदी 26 हजार रूपये तथा तीन नग घड़ी लूटकर ले भाग गए।

### मध्यप्रदेश से बस बदलकर पहुंचे दुर्ग

पुलिस ने बताया कि डकैती को अंजाम देने आरोपी मध्यप्रदेश से बस बदल कर धार से इंदौर, हैदराबाद, रायपुर और फिर दुर्ग तक आए। डकैतों ने दुर्ग हाईवे रोड से आटो का उपयोग कर डकैती की और हाईवे से ट्रक से लिफ्ट मांगकर नागपुर भाग गए थे। घटना के मुख्य आरोपी सहित दो आरोपी धार से गिरफ्तार हुए और शेष फरार आरोपियों की पतासाजी दुर्ग पुलिस कर रही है।

### सामान खरीदने लेता था कमीशन

पुलिस ने बताया कि डकैती के सोने चांदी का सौदागर पीपलदल्या धार निवासी भूरसिंह चौहान भी गिरफ्तार किया गया है। जिसने अलग अलग तारीख पर 165 ग्राम सोने चांदी के जेवरात खरीदे थे। वह प्रति 12 ग्राम को 52,000 रूपये में चुकारा करता था और खरीदी का 5000 कमीशन काट कर आरोपियों को देता था। एजेंट भूरसिंह चौहान का पुलिस रिमांड लेकर माल बरामदगी हेतु दुर्ग पुलिस धार रवाना हो रही है।

### दुर्ग सहित प्रदेश में की पांच डकैती

आरोपियों ने दुर्ग रसमड़ा के अतिरिक्त एनएसपीसीएल कालोनी रूआंबांधा दुर्ग एवं खम्हारडीह क्षेत्र रायपुर व पूर्व में कटघोरा, कोरवा में भी नकबजनी व डकैती की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी भंगु डावर थाना टांडा जिला-धार मध्यप्रदेश से एक सोने की चैन, सोने की लॉकेट, सोने की मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, भूरसिंह चौहान थाना टांडा मध्यप्रदेश जिला धार से नगदी 5200 रूपये, एक सोने की नेकलेस कीमत करीबन 3 लाख 20 हजार रूपये एवं अन्य जेवरात की बरामदगी हेतु पुलिस रिमांड ली गई है।

पाटन क्षेत्र की घटना

## बाइक भिड़ंत में एक की मौत, तीन गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पाटन थाना क्षेत्र के तुलसी और खुड़ मुड़ी के बीच नाला के पास आज एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य घायल हो गए। घायलों का इलाज जारी है। घायल में एक महिला भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खुड्मुड़ी नाला के पास आज दो बाइक आपस में टकरा गई। जिसमें चार लोगों को गंभीर चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक योगेंद्र चक्रधारी पिता भूपेंद्र चक्रधारी उम्र 22 वर्ष निवासी रायपुर थाना डीडी नगर जिला रायपुर का इस दुर्घटना में मौत हो गया है। वही विनय यादव पिता संतोष यादव उम्र 24 साल निवासी रामपुर चौराहा थाना कुम्हारी के सर में चोट आई है। इसके अलावा अन्य घायल में सागर बंजारे उम्र 20 साल रामपुर चौराहा का ही रहने वाला है। इनके सिर और चेहरा में चोट आई है। तीसरी घायल में जैन कुंवर चक्रधारी उम्र 68 साल रायपुर जिला रायपुर का रहने वाले हैं उनके सिर के पीछे चोट आई है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइक तेज रफ्तार में थी और आपस में टकराई है। घटना का खबर मिलते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर तत्काल पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज जारी है।

पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी

## पीसेगांव से एक लाख का गांजा जब्त, ले जा रहे थे राजनांदगांव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पुलगांव थाना अंतर्गत शीतला तालाब के पास पीसेगांव से पुलिस ने 1 लाख रुपए की कीमत का करीब 5 किलो गांजा जब्त किया। मामले में पुलिस ने लालबाग राजनांदगांव के करीम मुगल (28 वर्ष) और सागर सतवानी (24 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि एक गाड़ी में दो लोग सवार होकर बालोद, गुंडरदेही, अंडा, पीसेगांव के रास्ते राजनांदगांव के लिए निकले हैं। उनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। इसके बाद पुलिस ने दोपहर करीब 12.15 बजे घटना स्थल के पास वाहन सीजी 08 एजेड 3002 को रुकवाया। पूछताछ के दौरान संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाने पर वाहन की तलाशी ली गई। इस दौरान वाहन से एक सफेद बोरी में 5 किलो गांजा मिला। आरोपियों ने गांजा के बारे में सही जानकारी नहीं दी, इसके बाद पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। इसके बाद कार्रवाई की गई। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल भी जब्त किया गया है। गांजे की कीमत 1 लाख और वाहन की कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है।

मकान आवंटन लेकर पैसे नहीं दिए थे निगम को

## सात पीएम आवास से कब्जेदारों को निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई निगम ने रविवार को प्रधानमंत्री आवास में कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की। इस योजना एचपी आम्रपाली फेस वन में यह कार्रवाई की गई।

■ आम्रपाली फेस-1 योजना

नगर निगम भिलाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों को मकान आबंटित किया गया था। आम्रपाली फेस वन में 7 कब्जाधारियों में से पांच कब्जेधारी को नगर निगम से मकान आबंटित हो चुका था। उनके द्वारा पूरा पैसा जमा नहीं किया गया था। दूसरे के आबंटित मकान में कब्जा करके रह रहे थे। उनका मकान खाली कराया गया। उनको पूर्व में नोटिस द्वारा सूचना दी गई थी कि जिस मकान में रह रहे हो वह आपका नहीं है। नियमानुसार पूरा पैसा जमा करके ही भौतिक आधिपत्य प्राप्त करके ही अपने मकान में निवास कर सकते हैं। दो कब्जेधारी ऐसे थे जो पूरी तरह अवैध रूप से ताला तोड़कर के निवास कर रहे थे। कब्जे का मकान दूसरे व्यक्ति को लॉटरी द्वारा आबंटित कर दिया जा चुका है। नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा स्वयं सभी सामान बाहर किया गया।

## कोसानगर में नर्सिंग कॉलेज की छात्रा से लूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत दीक्षित कॉलोनी गांधी नगर के पास दीपाली श्यामकुंवर (19 वर्ष) लूट का शिकार हो गई। दीपाली ने पुलिस को बताया कि वह शीतला मंदिर के पास कोसानाल में रहते है। रस्तोगी कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। दोपहर के समय कॉलेज जाने के लिए निकली थी। तभी घटना स्थल पर आरोपी आया और उसने गांधी नगर जाने का रास्ता पूछा। इसके बाद किसके घर जाना है पूछा तो मोबाइल निकालने कहा। जैसे ही मैंने मोबाइल निकाला। आरोपी मोबाइल छीनकर भाग खड़ा हुआ। इसके बाद दीपाली ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैमरे खंगाले जा रहे है।

कार से जा रहे थे धमतरी

## कार एक्सीडेंट में शिक्षक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

कार एक्सीडेंट में रविवार को एक शिक्षक की मौत हो गई। इस्पात नगर रिसाली निवासी ओमनारायण यादव अपनी कार से धमतरी जा रहे थे। इसी दौरान धमतरी क्षेत्र में ही उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि वे अपनी मां को लेने के लिए कार से जा रहे थे तभी यह घटना घटी। एक्सीडेंट कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ओमनारायण चीचा सरकारी स्कूल में शिक्षक पद पर कार्यरत थे। वे मिलनसार व मृदु स्वभाव के लिए जाने जाते थे। स्कूल के बच्चों की एक्टिविटी में भी उनका पूरा योगदान रहता था। इस घटना से रिसाली क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। यादव की दो बेटियां है।

रविवार शाम को इसकी जानकारी परिजनों को हुई। परिजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। नेवई पुलिस ने बताया कि घटना धमतरी क्षेत्र में हुई है। इसलिए वहां की पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

दुर्ग संभाग में 2000 से ज्यादा व्याख्याताओं को है प्रमोशन का इंतजार

# व्याख्याता पद पर प्रमोशन के लिए बीएड वाले ही पात्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

व्याख्याता पद के लिए बीएड डिग्री वाले ही पात्र होंगे। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने शिक्षक के पद से व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए केवल बीएड डिग्री धारी शिक्षकों को ही पात्र माना है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने यह फैसला सुनाया है। इस फैसले के बाद प्रमोशन का इंतजार कर रहे, कई शिक्षकों को झटका लग सकता है। दुर्ग संभाग में 2000 से ज्यादा व्याख्याताओं को प्रमोशन का इंतजार है। जिसमें दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीरधाम, मानपुर-मोहला और छुईखदान जिला शामिल है।

### प्रशिक्षित शब्द को भर्ती नियम में परिभाषित नहीं किया गया था

शिक्षक के पद से व्याख्याता के पद पर पदोन्नति हेतु राज्य सरकार ने जो पात्रता की थी, उसमें 5 वर्ष का कार्य अनुभव शिक्षक अनिवार्य किया गया था। वहीं प्रशिक्षित स्नाकोत्तर होने चाहिए। जबकि, भर्ती नियम 2019 में "प्रशिक्षित" शब्द को कहीं भी परिभाषित नहीं किया गया है। स्पष्टता नहीं होने की वजह से डीएलएड डिग्री धारी भी व्याख्याता के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र हो जा रहे थे। जबकि एनसीटीई रेगुलेशन 2014 के अनुसार सीधी भर्ती हो या पदोन्नति हो, दोनों ही स्थिति में बीएड अनिवार्य डिग्री है।

### डीएलएड प्रशिक्षित का प्रमोशन नियम के विरुद्ध

इसी आधार पर श्रवण कुमार प्रधान एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष शिक्षक भर्ती नियम 2019 में अनुसूची 4 में सरल क्रमांक 14 में दिए हुए प्रशिक्षित स्नाकोत्तर को विलोपित करते हुए बीएड डिग्री धारी को ही पात्र मानने की मांग के साथ याचिका दायर की थी। याचिका में यह बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षक भर्ती नियम 2019 को बनाते समय एनसीटीई द्वारा न्यूनतम योग्यता के संबंध में दिए गए गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है, जबकि एनसीटीई द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता राज्य शासन के लिए बाध्यकारी है। इसके विपरीत कोई नियम या योग्यता निर्धारित नहीं कर सकता।

### एनसीटीई के नियमों को लागू करना राज्य सरकार के लिए जरूरी

याचिकाकर्ताओं ने अनुसूची 4 की सरल क्रमांक 14 में प्रशिक्षित स्नाकोत्तर को विलोपित करते हुए उसके स्थान पर बीएड डिग्री धारी को ही पात्र मानने की मांग की थी। यह भी बताया गया कि उच्चतम न्यायालय के द्वारा निर्धारित किया गया है कि बीएड डिग्रीधारी प्राइमरी स्कूल के शिक्षक हेतु अपात्र है। इसमें इस प्रकार बीएड डिग्री धारी व्याख्याता के पद पर पदोन्नति हेतु अपात्र है। जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई करते हुए यह अभी निर्धारित किया गया कि एनसीटीई द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता राज्य शासन पर बाध्यकारी है।

### याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में यह रखा पक्ष

राज्य शासन के द्वारा ऐसी कोई नियम या योग्यता नहीं रख सकते जो एनसीटीई के द्वारा निर्धारित योग्यता के विपरीत या उससे अलग हो। इस प्रकार उच्च न्यायालय द्वारा श्रवण कुमार प्रधान एवं अन्य के द्वारा दायर याचिका में यह अभी निर्धारित किया है कि व्याख्याता के पद पर पदोन्नति हेतु केवल बीएड डिग्रीधारी ही योग्य एवं पात्र होंगे। डीएड डिग्री धारी व्याख्याता के पद पर पदोन्नति हेतु अपात्र हो जाएंगे। मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष गोविंद देवांगन अधिवक्ता के द्वारा पैरवी की गई। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एव रविंद्र अग्रवाल की बेंच के द्वारा सुनवाई की गई।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### अंगेश्वर बने शाला विकास समिति अध्यक्ष

**जामगांव आर।** लंबे इंतजार बाद जामगांव आर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू को स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम विद्यालय जामगांव आर का जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनोनित किया गया। साहू को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उल्लेखनीय है कि नरेश केला के शासकीय कालेज जामगांव आर अध्यक्ष बनने से इस सीट पर समायोजन किया गया। शासकीय कॉलेज अध्यक्ष नरेश केला ने भगवा दुपट्टा से अंगेश्वर साहू का स्वागत किए। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष मनीष जैन, वरिष्ठ व्यापारी दिनेश केला, भाजपा नेता मेघनाथ सागरवंशी सहित आदि ने शुभकामनाएं दिए।

### श्रम विभाग में हुआ मनोनयन



**सेलूद।** श्रम विभाग दुर्ग में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के अनुशंसा पर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्राम ढौर (दुर्ग) के निवासी जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के हर प्रसाद आडिल को मनोनीत करने पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा को आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में संतोष सोनी सदस्यता प्रभारी मध्य मंडल पाटन, हरिशंकर साहू महामंत्री मध्य मंडल पाटन, योगेश निक्की नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत पाटन, कुणाल शर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष मध्य मंडल पाटन, निशा सोनी महिला मोर्चा अध्यक्ष मध्य मंडल पाटन, होरीलाल देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन, दामोदर चक्रधारी, पारकत साहू, छविराम देवांगन, नीलकंठ देवांगन, देवेंद्र कुमार ठाकुर, लक्ष्मण गोस्वामी अटारी, देवानंद निषाद, नितेश तिवारी, भोजराम यादव, चिरंजीवी देवांगन, योगेश सोनी, रानी बंछोर, सीता देवांगन, केशव बंछोर सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन

### शंकर जांभुलकर



**भिलाई।** मकान नंबर 258 केलाबाड़ी वार्ड नंबर 41 कसारीडीह, दुर्ग निवासी शंकर जांभुलकर का निधन 29 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे शिवनाथ मुक्तिधाम दुर्ग में किया जायेगा। वे नितिन कुमार और निखिल कुमार जांभुलकर के पिता थे।

### बेनबती वर्मा



**भिलाई।** ग्राम बासीन निवासी बेनबती वर्मा उम्र 80 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बासीन में किया गया। वे केदार, पुनीत, हीरा, डोमिन, विक्रम की मां और लक्ष्मण, त्रिलोकी वर्मा की मामी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### मनोहरलाल पोपटलाल वाढेर



**भिलाई।** भिलाई निवासी मनोहरलाल पोपटलाल वाढेर उम्र 86 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान राजविला, 1534 स्ट्रीट नंबर 35, विवेकानंद कॉलोनी, भिलाई दोपहर 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे भिलाई के कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज के मंत्री मनिष भाई के पिता थे।

### फसल बचाने कई जतन के बाद हरहुना किस्म की धान अब पकने लगी

# किसानों की मेहनत खेतों में निकलने लगी है अब धान की बालियां बनकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन विधानसभा क्षेत्र के किसानों के हरहुना किस्म के धान 1010 में अब बालिया निकलने लगी है। हरहुना किस्म की यह धान में अब बाली आने के साथ किसान की मेहनत भी झलकने लगती है। ग्राम सेलूद के किसान बसंत चंद्राकर ने बताया कि हरहुना किस्म की धान की रोपाई कार्य किया है शुरुआत समय में ही खेती अच्छे से होने और समय-समय में वर्षा होने से इस बार धान की फसल बहुत ही अच्छी है। हरहुना किस्म के सभी खेतों में लगभग बालियां आने लगी है। इसके जैसे अन्य हरहुना किस्म के धान महमाया, राजेश्वरी सहित इसी अवधि वाले धान पूर्ण रूप बाली निकलने के लिए तैयार है या निकल चुके हैं। इस मौसम में धान के लिए उपयुक्त वर्षा होने से धान की बंपर पैदावार होने की उमीद बंधी है। अभी वर्षा होने की स्थिति में बालियो में लगे फूल झड़ जाने से धान की बाली नहीं पक पायेगा और धान की बाली में बदरा धानों की संख्या बढ़ जाने की चिंता भी किसानों को सताने लगी है, लेकिन शीघ्र ही मौसम में सुधार होने से अब किसी प्रकार नुकसान होने की संभावना नजर नहीं आ रही है।

अभी कुछ दिन पहले हुई वर्षा से माई किस्म की धान के लिए यह पानी वरदान भी साबित हुआ है। जहां किसान वर्तमान में वर्षा नहीं होने के कारण नहर के पानी को विभिन्न माध्यमों द्वारा खेतों में ले जाने में लगे हुए थे ऐसे समय में वर्षा होने से किसानों को राहत मिली है। ग्राम सेलूद के किसानों ने बताया कि धान की फसलों के लिए सूर्य का प्रकाश महत्वपूर्ण है। लगातार आसमान खुला रहने से शीत पडने लगी है, धान की फसल में बीमारी अब दूर होने लगी है। किसानों ने पानी की समस्या को दूर होने के साथ बीमारी के लिए मौसम खुलने को भी अच्छा बताया है।

**माहू बीमारी आना शुरू, खेतों में कीटनाशक छिड़काव कर रहे किसान**



#### रात में पाली बनाकर कर रहे रखवाली

गौठान योजना को किसानों के द्वारा मिलकर चलाने से कुछ राहत जरुर मिली है। उसके बाद भी किसान फसल बचाने कई जतन कर रहे हैं। जानवरों से फसल को बचाने के लिए खेत के सभी रास्तों को बंद कर रहे हैं। गाँव के किसानों ने फसल बचाने जानवर जाने के रास्तों में रात में पाली बनाकर रखवाली करते हैं। साथ ही सौ रूपये प्रति एकड़ की राशि किसानों से वसूल कर वसूली गई राशि को फसल की रखवाली के लिए लगाते हैं। लेकिन उसके बाद भी कुछ निजी पशुपालक और लापरवाह किसानों के जानवरों को खुला छोड़ देने के कारण आवारा पशु खेतों में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

#### मौसम में गर्मी होने से बीमारी की संभावना बढ़ी

मौसम में गर्मी होने के कारण खेतों में माहु के साथ अन्य कीट पतंगा से पके फसल पर अनेकों बीमारियां आने की संभावना बढ़ गई है। माहू रातों रात फसल को चट कर जाती है उन पर रासायनिक दवाइयों का असर भी नही हो पाता है जिससे पूरे खेत के खेत चौपट हो जाते हैं इसके कारण किसान की चिंता और बढ़ गई है। गौरतलब हो कि अगर वर्षा नहीं होती तो जल्दी पकने वाली व पहले से खेती किये किसानों के फसलों में बालियाँ आ चुकी है और कुछ दिनो में पकने की स्थिति में आ जायेंगे। लेकिन अब सभी किस्म की फसलों में माहो कीट लगने की संभावना अधिक बढ़ गई है। पहले से खेती किये किसानों के धानों पर बरसात होने से खड़ी फसल गिर रहा है और पानी में डूब गया जिससे धान की बाली पूर्णतः नहीं पकने व बदरा होने की संभावना भी बनती दिख रही है।

## अंचल की खबरें

### दर्शन पर लगने वाले शुल्क पर प्रतिबंध की मांग



**उतई।** छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला दुर्ग इकाई द्वारा दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विभन्न गणेश एवं दुर्गा पंडालों में दर्शन के लिए लेने वाले शुल्क को माफ करने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ शिवसेना दुर्ग जिला उपाध्यक्ष योगेश कानेकर ने बताया कि दुर्ग भिलाई के बड़े-बड़े दुर्गा एवं गणेश पंडालों में दर्शन करने आने वाले सामान्य भक्तों से 40 से 50 रुपए व वीआईपी पास वाले भक्तों से 100 से लेकर 150 रुपए तक शुल्क लिया जाता है जो कि हिंदुओ के आस्था के प्रति खिलवाड़ है। ऐसे पंडाल भक्ति के नाम पर बिजनेस करने लग गए हैं। जिसका छत्तीसगढ़ शिवसेना पूर्णरूप से विरोध करता है। इसी के सदर्भ में दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नवरात्रि में निःशुल्क मूर्ति दर्शन किए जाने और वीआईपी पास पर प्रतिबंध लगाने की मांग किया गया। वहीं गरबा नृत्य के आड़ में अशलील गाने बजाए जाने पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम केसरवानी, सम्राट सिंह जिला अध्यक्ष, योगेश कानेकर जिला उपाध्यक्ष, मुन्ना चौधरी, नारायण यादव, मनीष यादव, संतोष पहलवान, दुष्यंत आदि शिवसैनिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पूर्ण राष्ट्र, सनातन एकता का उद्देश्य लिए कुम्हारी पहुंचे दीपक

**कुम्हारी।** मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंख से कुछ नहीं होता हौसलों में उड़ान होती है। कुछ इसी सोच के साथ दीपक वर्मा 25 वर्ष अपने निवास स्थान कोटा राजस्थान से 25 मार्च 2023 को देशभर के लोगों को एकता के सूत्र में बांधने के उद्देश्य से पदयात्रा पर निकल चुके हैं। कुम्हारी पहुंचकर उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों से पदयात्रा कर 22 हज़ार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे जो कि 2027 तक पूरी करने का लक्ष्य है। उनके इस यात्रा का उद्देश्य है हमे जातियों में न बटकर धर्म को ऊपर रखकर पूर्ण राष्ट्र और सनातन एकता का संदेश देना है। अभी तक वे 9 हजार 9 सौ किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि वो भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा नेपाल की भी यात्रा पूर्ण कर चुके हैं। दीपक वर्मा ने आगे बताया कि वह अविवाहित है तथा उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है। परिवार में माता-पिता और एक भाई है पिता कंस्ट्रक्शन ठेकेदारी का कार्य करते हैं। इस पदयात्रा के दौरान उन्हें लोगों का भरपूर साथ और सहयोग मिल रहा है। इस यात्रा में लगने वाला खर्च लोगों के मदद से पूरा होता है। अभी तक उनकी राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, नेपाल, बिहार और झारखंड की यात्रा पूरी हो चुकी है।



■ विश्व की सबसे लंबी पदयात्रा पर निकल चुके हैं राजस्थान के दीपक वर्मा, तय करेंगे 22 हज़ार किलोमीटर

## शहर के प्रतिष्ठित अस्पतालों में पत्रकारों के लिए अब शुरू हुई मेडिकल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के 35 से अधिक सदस्यों को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के द्वारा हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इस हेल्थ कार्ड के माध्यम से प्रेस क्लब के सदस्य एवं उनके परिवार शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल में 50 फ़ीसदी की छूट पर इलाज एवं डायग्नोसिस करा सकेंगे। श्री सेन ने कहा कि यह शहर का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित प्रेस क्लब है, भविष्य में इस क्लब के सदस्यों को अन्य सुविधाएं भी देने का प्रयास किया जाएगा। श्री सेन ने कहा कि वर्तमान समय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया के आने के बाद पत्रकारिता का स्वरूप बदल गया है। इन परिस्थितियों में पत्रकारिता को समझने एवं समझाने वाले दोनों की ही कमी बनी हुई है। ऐसे में प्रेस क्लब को वरिष्ठ सदस्य को आगे आकर इन विपरीत परिस्थितियों को सुधारने का प्रयास भी करना चाहिए।

प्रेस क्लब के सदस्यों में अरविंद सिंह, उमेश निवल, संतोष कुमार मिश्रा, सुनील कुमार चौहान, के मोहन राव, जयप्रकाश आर्य, प्रवीण शर्मा, टीवी मुरली मोहन, कमल किशोर शर्मा, डीके साहू, सुधीर सिंह, परमेश्वर साहनी, रमेश गुप्ता, सुबोध तिवारी, जोगिंदर सिंह, रमजान खान, मोहम्मद फारूक, अनिल गुप्ता, संजय वर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा, सुशील सोनी, सूरज सिंह, जनार्दन मांझी, दिलीप शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र गोस्वामी, रमेश कुमार बंजारे, शशिकांत तिवारी, दीपक, शफीक खान, योगेश वर्मा ने हेल्थ कार्ड प्राप्त किया। समारोह में योगेश कुमार, राजेन्द्र सोनबोईर, प्रेस क्लब अध्यक्ष टी सूर्या राव, पी मोहन आदि सदस्यगण मौजूद थे।



■ विधायक रिकेश सेन ने बांटा हेल्थ कार्ड

### स्वच्छता अभियान चलाकर की गई साफ-सफाई

**नंदिनी अहिवारा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शनिवार को नगर पालिका परिषद अहिवारा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वार्ड 8 पानी टंकी के पास साफ सफाई किया गया एवं सीटीयू ट्रांसफोमेशन अंतर्गत रंग रोगन का कार्य किया गया। उक्त कार्य में निकाय के अध्यक्ष नटवर लाल ताम्रकार, अनुज साहू, हेमंत साहू वार्ड पार्षद मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, शुभम महतो, बसंत यादव, प्रकाश, हेमंत साहू, मेनका नायडू, आकाश भारती, सूर्यप्रकाश, बरना एवं निकाय के कर्मचारियों द्वारा श्रम दान कर कार्य किया गया।



■ अहिवारा में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान

## लोहारीडीह कांड के विरोध में साहू समाज ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ व जिला साहू संघ दुर्ग, तहसील साहू संघ, ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ व नगर साहू समाज उतई के नेतृत्व में लोहारीडीह कवर्धा कांड के विरोध में प्रदर्शन किया गया। साहू समाज से जुड़े तीन लोगों की हत्या व पुलिस कस्टडी के दौरान किसान प्रशांत साहू की मौत को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। साहू सदन से बाजार चौक उतई तक रैली निकाली गई। रैली के बाद युवा प्रकोष्ठ के संयोजक ढालेश साहू ने कहा कि साहू समाज के लोगों की सुनियोजित ढंग से पुलिस कस्टडी में हत्या की गई है। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। निर्दोष ग्रामीणों को पुलिस अपनी बर्बरता दिखाते हुए बेरहमी से मारपीट की है। महिलाओं की शरीर पर चोट के निशान हैं। दुर्ग संभाग साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देव साहू ने कहा कि यह घटना बहुत ही निंदनीय है। इस अवसर पर डॉ. पीलेश्वर साहू, अभिषेक पल्लव, गोपेश साहू, खिलावन साहू, जनार्दन साहू, रजकुमार साहू, नंद कुमार साहू, ढालेश साहू आदि उपस्थित थे।

■ साहू सदन से बाजार चौक उतई तक रनिकाली गई रैली



## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद

**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।




में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक


**श्रद्धांजलि**

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च | तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ||

जिस समय सत्वगुण बढ़ा हो, उस समय अगर देहधारी मनुष्य शरीर को त्यागता है तो वह पवित्र आत्मा उत्तम लोक में जाती है।

चले गए वे अपने घर से, पर वे दिल से दूर नही हैं। विदा हुए वे दुनिया से, लेकिन वे हम से दूर नही हैं।।
हम जब उन्हें याद करते हैं, वे हमें अपने साथ होने का अहसास दिला जाते हैं।।



जन्म - 18.07.1983

मृत्यु - 20.09.2024

**स्व. श्री अनुभव त्रिपाठी**

अत्यंत दु:ख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी के पुत्र **श्री अनुभव त्रिपाठी** का स्वर्गवास दिनांक 20.09.2024 दिन शुक्रवार को हो गया हैं। उनका श्राद्धकर्म निवास स्थान से सम्पन्न होगा । अत: उनकी आत्मिक शांति हेतु ...

**कार्यक्रम**
दशगात्र - 29.09.2024 दिन (रविवार)
द्वादश– 01.10.2024 दिन (मंगलवार)

**गंगा पूजा**
दिनांक 01.10.2024 दिन (मंगलवार)
शांति भोज- 01.10.2024 दिन (मंगलवार) दोपहर 1.00 बजे से 4.00 बजे तक

स्थान- कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरु नगर भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

**शोकाकुल:**
**समस्त त्रिपाठी परिवार**

## खबर संक्षेप



### वृद्धाश्रम में दंत परीक्षण शिविर आयोजित

**दुर्ग।** श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा पुलगांव वृद्धाश्रम में दंत परीक्षण व मार्गदर्शन शिविर लगाया गया। जिसमें 15 चिन्हित वृद्धजनों की दांतों का परीक्षण व मार्गदर्शन किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ पायल पाटिल और डॉ रितीश मिश्रा द्वारा चिकित्सा सेवा की गई। चिन्हित दंत रोग से पीड़ित वृद्धजनों में अधिकांश पायरिया से पीड़ित पाए गए। जिन्हे दवाईयां उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रबंधक दीपक चपरिया, केंद्रीय जेल संदर्शक नीलू सिंह, समित के जिला संयोजक संदीप नायडू, आरके तिवारी, हरिश्चंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, श्रीनिवास राव, नवीन त्रिपाठी, राजू सोनी, गौरव ठाकुर, संजय, गणवीर, केआर मुदलियार, संजय कनखोजे, पी राजू, पार्थ मेश्राम, पाटिल सिस्टर मौजूद थे।

### एससीईआरटी पाठ्य पुस्तक अनिवार्य करने की मांग



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें कबाड़ में मिल रही है। पाठ्य पुस्तक निगम से करोड़ों के घोटाले की खबरें प्रतिवर्ष आती है। पुस्तकों की छपाई, वितरण और स्कूलों में पढ़ाए जाने तक सब गोलमाल हो रहा है। लेकिन सरकार इस समस्या का ठोस उपाय नहीं कर पा रही है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि उनके द्वारा विगत दस वर्षों से यह मांग की जा रही है कि प्रदेश के सभी स्कूलों के कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक सिर्फ एससीईआरटी की पाठ्य पुस्तक ही अनिवार्य कर दिया जाए। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें कबाड़ में मिल रही है, क्योंकि ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों द्वारा पाठ्य पुस्तक निगम की किताबों को लेते तो है, मगर प्राइवेट प्रकाशक की किताबों से अध्यापन कराया जा रहा है। जबकि सीबीएसई ने अपने स्कूलों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से 9वीं से 12वीं तक के लिए एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों को जरूरी कर दिया है। बोर्ड ने पहली से आठवीं तक की कक्षाओं को एनसीईआरटी की किताबों का उपयोग करने की सख्त सलाह दी है।

### भारतीय टीम की जीत की मनाई खुशियां

**दुर्ग।** जिला शतरंज संघ दुर्ग ने चेस ओलंपियाड में भारतीय टीम की जीत की खुशी में खुशियां मनाते हुए भारतीय शतरंज टीम के ऐतिहासिक जीत पर गर्व व्यक्त किया। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवम सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि, बुडापेस्ट (हंगरी) में आयोजित 45वें चेस ओलंपियाड में भारतीय टीम की दोहरी जीत की खुशी हैं। 97 वर्षो के बाद पहली बार महिला एवम पुरुष दोनों ही वर्गों में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इस ओलंपियाड में 197 देश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। मौके पर ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, दिनेश नलोडे, ललित वर्मा आदि मौजूद थे।

# सोसाइटी में 12 दिनों से काम ठप, नहीं हो रहा किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर के प्रांतीय आवाहन पर दो सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन के चलते सोसाइटी में पूरा कामकाज ठप हो गया है। दुर्ग, बालोद और बेमेतरा के 311 सोसाइटी में किसान पंजीयन करने भटक रहे हैं। तीनों जिले के डाटा एंट्री ऑपरेटर सोसाइटियों का चाबी प्रबंधकों को शॉप कर पिछले 12 दिन से हड़ताल में है। आगामी दिनों धान खरीदी शुरू होने वाली है, अगर इसी तरह चलता रहा तो जिला प्रशासन और किसानों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

जानकारी अनुसार हड़ताल के 12 दिन रविवार को रायपुर में जुटकर ऑपरेटरो ने राज्य शासन को जगाने सद्बुद्धि यज्ञ किया। सद्बुद्धि यज्ञ में ऑपरेटर ने शासन के आला अधिकारियों व मंत्रियों को जगाने सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। विदित हो कि, विगत 18 सितंबर 2024 से छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ अपने दो सूत्री मांग को लेकर आंदोलनरत है। जिसमें पहला 2007 से समर्थन मूल्य धान खरीदी के कंप्यूटरीकरण वर्ष से विगत 17 वर्षों से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का विभाग तय करने व उन्हें नियमित किए जाने की मांग रखी है। वही दूसरा शासन के वित्त निर्देश में जारी 27 परसेंट वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। इन्हीं दो मुद्दों को लेकर विगत 12 दिन से डाटा एंट्री ऑपरेटर निश्चित कालीन आंदोलन में चले गए हैं। जिससे सोसाइटी में धान खरीदी के लिए पंजीयन पूर्णता बाधित है तथा सोसाइटी पूर्णतया ऑफलाइन हो गई है, जिससे किसानों को यदा कदा भटकना पड़ रहा है।

## छत्तीसगढ़ धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का दो सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन

**खास बातें**

- शासन के अधिकारियों मंत्रियों को जागने किया सद्बुद्धि यज्ञ
- 30 सितंबर को मंत्रालय घेरने महारैली का करेंगे आयोजन

### प्रदेशभर के डाटा एंट्री ऑपरेटर जुटे

शासन के संबंधित विभाग खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, पंजीयक सहकारी संस्थाएं से लेकर मुख्यमंत्री तक कई बार गुहार लगा चुके है। कंप्यूटर ऑपरेटर आज 12 दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने के लिए मजबूर हैं तथा आज 12 दिन धरना स्थल तूता रायपुर में सद्बुद्धि यज्ञ का महा आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेशभर के 2739 डाटा एंट्री ऑपरेटर के माध्यम से प्रदेश के शासन प्रशासन के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। छत्तीसगढ़ डाटा एंट्री ऑपरेटर के प्रदेश अध्यक्ष संतोष निषाद का कहना है कि, एक तरफ सरकार छग की समृद्धि की चर्चा करते हुए तरह-तरह का आयोजन सरकार कर रही है, दूसरी तरफ इतने वर्षो से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का सुध लेने के लिए कोई सरकार नहीं है।



### कर्ज लेने सहित ऑनलाइन काम नहीं हो रहे

सोसाइटी में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पासवर्ड के जरिए ही किसने की योजना से संबंधित कार्य होते हैं, लेकिन हड़ताल से किसानों को कर्ज वितरण, खाद-बीज वितरण और कंप्यूटराइजेशन के तहत कंप्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर का नहीं हो रहा है। हाल ही में ऑनलाइन पैक्स कंप्यूटरकरण शुरू की गई है। जिसके तहत सोसाइटी में ऑनलाइन कार्य होने हैं, यह अभी फिलहाल ठंडा पड़ा हुआ है। हड़ताल में डाटा एंट्री ऑपरेटर में प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे, संयोजक विद्या यादव, संरक्षक नरेश साहू, संरक्षक संतोष साहू, सचिव मोहन डहरिया सहित सभी जिला अध्यक्ष डटे है। प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे बताया कि, प्रदेशभर के डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा मंत्रालय घेरने हेतु महारैली का आयोजन 30 सितंबर को किया गया है।

## कान्फ्रेंस : मुख्य सचिव ने संभागायुक्त और कलेक्टरों की ली बैठक

# पंद्रह दिन के अंदर जमा करना होगा चावल, चलेगा नशामुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अवकाश के दिन मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा जिला प्रशासन की बैठक ली गई। इस दौरान उन्होंने राजस्व से संबंधित प्रकरणों को लेकर नाराजगी जताई और ऐसे प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए वहीं उन्होंने मिलन को 15 दिन के अंदर एफसीआई में चावल जमा करने चेतावनी दी है।

इसके अलावा बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए अभियान चलाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज रायपुर के मंत्रालय महानदी भवन चिप्स कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये राज्य के संभागायुक्तों और कलेक्टर्स की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्य सचिव प्रदेश में आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र का सेचुरेशन अभियान, प्रधानंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, प्रदेश के सभी पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ना, स्वच्छता ही सेवा अभियान, स्वच्छ छत्तीसगढ़ शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, डिजिटल गिरदावरी (वर्तमान कृषि वर्ष), प्रदेश में मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु डिमांड एवं सप्लाई को कम करने की कार्ययोजना, जल जीवन मिशन के महत्वपूर्ण संकेतकों तथा शत्प्रतिशत एफएचटीसी प्राप्त करने वाले पंचायतों/ग्राम की प्रगति, सड़क दुर्घटना/अवारा मवेशी पर नियंत्रण हेतु कार्रवाई और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर कलेक्टरों से जिलेवार जानकारी ली।

**महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश**



### ब्रह्म कुमारी संस्था की ली जाएगी मदद

बैठक में मुख्य सचिव श्री जैन ने जिले को नशा मुक्ति बनाने के लिए आवश्यक पहल किए जाने के निर्देश दिए गए। लेबर क्षेत्र में नशा मुक्ति हेतु ब्रह्मकुमारी संस्था के साथ मिलकर 300 बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग को 14 जिलों में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव श्री जैन जिलेवार जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों का जायजा लेकर सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रदेश में मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु नारकोटिक्स की समस्या को जिला स्तरीय कार्य योजना बनाकर अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत विशेष रूप से 6 वर्ष से 12 वर्ष के बच्चों को जागरूक किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

### दुर्घटनाओं के आंकड़े देख हैरान, कहां काम करें

मुख्य सचिव श्री जैन ने जिलेवार सड़क दुर्घटना के आंकड़ों की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से मवेशियों के कारण हो रही सड़क दुर्घटना के बारे में चर्चा कर इन्हें कम करने की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इसके लिए संभाग आयुक्त ने मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने प्राथमिक तौर पर आवारा पशु के सिंग पर रेडियम से चिन्हांकन करने की बात कही। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में पालतु पशु व उनके मालिकों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए।

### अक्रियाशील सोसाइटियों की जिले में होगी पड़ताल

मुख्य सचिव ने डेयरी सहकारिता समिति को नवीन दुग्ध समितियों का गठन, अपंजीकृत समितियों का पंजीयन कराने, अकार्यशील समितियों के अकार्यशील होने के कारणों का पता लगाकर समस्या का समाधान करते हुये पुनः कार्यशील बनाकर समितियों के खाते सहकारी बैंकों में खुलवाने के निर्देश दिए गए है। एफसीआई गोदामों के चावल जमा कराने हेतु 15 दिन के भीतर नागरिक आपूर्ति निगम को चावल जमा किया जाना सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों से राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार कर प्रकरणों के निराकरण की जानकारी जिलेवार ली गई। भू-अर्जन में बटांकन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए लोक निर्माण विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, पंजीयन विभाग और अन्य सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए कहा।

## स्वच्छता रथ : धमधा में चल रहा जागरुकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत जनपद पंचायत धमधा द्वारा स्वच्छता रथ तैयार किया गया है। जिसमें जनपद पंचायत धमधा के 119 ग्राम पंचायत में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का विस्तार से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस जागरूकता रथ को ईश्वर साहू विधायक विधानसभा क्षेत्र साजा द्वारा ग्राम पंचायत बरहापुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। यह रथ जनपद पंचायत धमधा के सभी ग्राम पंचायत एवं गांव में जा जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। जिसमें गांव में होने वाली गंदगी और उससे होने वाले बीमारियों के बारे में जानकारी दी जा रही है, साथ ही शहरों की तरह ग्राम पंचायत में कचरा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ किया गया है। ग्रामीणों को स्वच्छता रथ के माध्यम से स्वच्छता के संबंध में सभी जानकारियां दी जा रही हैं। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है, वहीं 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर समस्त गांव का भ्रमण कर यात्रा पूर्ण कर ली जाएगी।

- 119 ग्राम पंचायतों में किया जा रहा प्रचार प्रसार

### टूकेन्द्र को मिली पीएचडी की उपाधि



**दुर्ग।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के प्रबंधक विभाग द्वारा टूकेन्द्र कुमार को पीएचडी (डॉक्टर का फिलासफी) की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य कर्मचारी व्यवहार पर संगठनात्मक संस्कृति का प्रभाव छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के दो निजी संस्थान में पूर्ण किया है। यह शोध कार्य टूकेन्द्र ने प्रबंधन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अर्चना अग्रवाल के निर्देशन व सुपरविजन मे नियम समय पर पूर्ण किया है। शोध कार्य के दौरान इनके द्वारा कई अंतर्राष्ट्रीय जनरल में शोध पत्रों का प्रकाशन किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्रों की प्रस्तुति भी की गई।

## मध्य ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई शहीद भगत सिंह की जयंती



**दुर्ग।** मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग द्वारा राजीव भवन में शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष गया पटेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, अजय मिश्रा विशेष उपस्थिति। पूर्व विधायक श्री वोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि, भगत सिंह जी वह क्रांतिकारी थे। जिन्होंने देश की आजादी के लिए अनेकों यातनाएं झेलने के बाद भी अंग्रेजों के सामने डटे रहे, अपने प्राणों की आहुति दी बहुत ही कम उम्र में आजादी का जज्बा उन में था। उन्होंने देश की आजादी एकता अखंडता के लिए युवाओं में अलख जगाया एवं प्रेरणा दी हमको उनके विचारों को आत्मसात करते हुए आम जनता तक पहुंचाएं यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में पार्षद निर्मला साहू, पूर्व पार्षद अशोक मेहरा, अनूप पाटिल, गणेश सोनी, पाशी अली, नंदकिशोर शर्मा, सदाबहार, गोलू खान, सौरभ ताम्रकार, चंद्रशेखर पारख प्रीति साहू, नवाब एजाज चौहान, थानेस्वर साहू उपस्थित थे।

## शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की में वितरित किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की विकासखंड धमधा में बच्चों को प्रधान मंत्री सुपोषण योजना अंतर्गत मध्यान्ह भोजन में न्यौता भोजन के रूप में खीर पूरी व बड़ा दिया गया । विद्यालय में स्वर्गीय रामविलास वर्मा की स्मृति में ठाकुर राम वर्मा, कमलेश,दिनेश वर्मा द्वारा शाला में न्यौता भोजन का आयोजन दिया गया। इस उपलक्ष्य में प्रधान पाठक यशवंत कुमार पटेल, शिक्षक खिलेश्वर साहू , सोनी वर्मा द्वारा वर्मा के परिवार का आभार जताया। शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रूपसिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन साहू, सदस्य पुष्पा साहू, धनेश साहू, गंगा साहू, मुकेश वर्मा, राजकुमार साहू उपस्थित थे।

## जयंती पर दिशा फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को बांटे गणवेश



**दुर्ग।** शहीद भगत सिंह रा.उ.मां. विद्यालय तितुरडीह में शनिवार को शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई और उनके वीरगाथा को याद किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रही। इस अवसर पर समाजसेवी संगठन दिशा फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण कर शिक्षण क्षेत्र में आगे भी सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। प्राचार्य सीपी अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत कर अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धि भरे गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अंजली श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन शिक्षक एसएन हरमुख ने किया। इस अवसर पर दिशा फाउंडेशन के प्रमुख आर राजू, श्री राजेश, बीपी दास, जीएस संधू, अंजन राय के अलावा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी बड़ी संख्या में

## घनश्याम कॉलेज में चलाया मेगा स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पौराणिक स्थल, रेलवे स्टेशन, चौंक-चौराहा, महाविद्यालय परिसर आदि की साफ सफाई की गई है। इसी तारतम्य में दयानंद शिक्षा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता एवं उपाध्यक्ष श्रीमती आभारानी गुप्ता के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केन्द्र एवं सुराना महाविद्यालय के साथ मिलकर शिवनाथ नदी के तट पर रविवार को मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शिवनाथ नदी के तट को प्लास्टिक एवं अन्य कचरा को एकत्रित कर साफ किया गया। साथ ही स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं नेहरु युवा केन्द्र के अधिकारी नितिन शर्मा ने इस वर्ष की थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत स्वयं स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सफाई कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी निशा साहू, उमेश, प्रेरणा ठाकुर, विनोद सोनवानी, त्रिभुवन देवांगन, रवि देशमुख एवं वालेंटियर योगेश, दिशा, लक्ष्मी, झरना, मधुलिका, जाह्नवी आदि उपस्थित रहे।

## छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े-बड़े परिवर्तन संभावित हैं

# शिवनाथ घाट पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान लगातार शहर में चलाया जा रहा है। रविवार को स्वच्छता ही सेवा के तहत शिवनाथ नदी की सफाई की गई। इस अभियान में बड़ी संख्या में छात्र और युवाओं का सहयोग रहा।

- छात्र, युवाओं की टीम ने संभाला मोर्चा

महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में खालसा स्कूल व अन्य स्कूलों और साइंस कॉलेज के युवाओं ने निगम के साथ मोर्चा संभालकर श्रमदान कर शिवनाथ नदी घाट की सफाई की। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम अमला द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कॉलेज व स्कूली बच्चों ने शिवनाथ नदी के घाट से पॉलीथिन प्लास्टिक कूड़ा इकट्ठा कर नदी परिसर को स्वच्छ बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नदी के किनारे अत्यधिक मात्रा में पड़ी हुई पॉलीथीन व प्लास्टिक को निकला गया। नदी घाट में विसर्जित फूल मालाओं व पूजन सामग्री एवं पॉलीथीन सहित कचरे को निकालकर साफ किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान में कॉलेज व विद्यालय के बच्चों के द्वारा कैसे स्वच्छ बनाना व रखना है, इसकी जानकारी दी गई। शिवनाथ नदी परिसर पर नगर निगम द्वारा बच्चों को अपने-अपने घरों को साफ-सुथरा रखने व आसपास के घरों को भी स्वच्छ रखने व स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित करने की बातें कही गई। इस अवसर पर धर्मेंद्र मिश्रा, कुणाल,राहुल आदि मौजूद रहे। सफाई के लिए लोगो को प्रेरित करते हुए कहा गया कि नदी में कचरा विसर्जित नहीं करने का संकल्प लें।


### ग्राम पंचायत बसनी में मनाया गया स्वच्छता दिवाली

जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत बसनी में स्वच्छता दीप उत्सव का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बसनी पहला ओडीएफ उसके बाद ओडीएफ प्लस बना स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 28 -9- 2024 को ग्रामीणों द्वारा नवाचार करते हुए अपने घरों से भारतीय संस्कृति एवं परंपरा अनुसार पांच पांच दिया लाकर गांव के शीतला मंदिर के पास 1001 दिया का स्वच्छता दिया महोत्सव दिवाली के रूप में मनाया गया। ग्रामीणों द्वारा जिस तरह दिया हमेशा जलता रहता है। इस तरह स्वच्छता के अंधकार को स्वच्छता की उजियारा की ओर ले जाने का संदेश दिया है।



### जेसीआई इंडिया के 75वें डायमंड जुबली सेलिब्रेशन में सम्मान

**दुर्ग।** कोलकाता के द वेस्टिन में आयोजित जेसीआई इंडिया के 75वें डायमंड जुबली समारोह में जेसीआई दुर्ग-भिलाई को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जेसीआई दुर्ग-भिलाई की 51 वर्षों की निस्वार्थ सेवा और जेसीआई के मुख्य



मूल्यों के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जेसीआई दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष, जेसी योगेश पद्मा राठी ने यह सम्मान जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जेसी रेखेश शर्मा से प्राप्त किया। यह पुरस्कार जेसीआई दुर्ग-भिलाई की उन सतत पहलों को मान्यता देता है, जिनका उद्देश्य नेतृत्व को बढ़ावा देना, सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाना और समाज में सार्थक योगदान देना है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### टाउनशिप में बिजली कटौती से परेशान हैं लोग

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर क्षेत्र मे बिजली की लगातार कटौती को लेकर नगर निगम भिलाई के टाउनशिप के पार्षदों का प्रतिनिधिमण्डल ने नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक दिनेश कुमार से नगर सेवा भवन मे मिलकर समस्या के निदान की मांग की। पार्षदों ने बताया कि सभी सेक्टरों, विद्युत लाइन के नीचे के पेड़ो की छटाई , बार बार बिजली सप्लाई मे अवरोध, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था है। सड़को पर स्ट्रीट लाइट नही होने के कारण रात्रि मे सड़को पर बैठे मवेशियों के नही दिखने के कारण राहगीर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इनमें अधिकांश संयन्त्र कर्मी होते हैं, जो कि समय पर ड्यूटी जाने की आपधापी मे सड़क पर बैठे मवेशियों से टकरा जाते हैं। प्रतिनिधि मंडल ने बी एस पी प्रबंधन को बताया कि इन सभी समस्याओं को तत्काल दूर करना जन हित मे आवश्यक है। महाप्रबंधक व विभाग प्रमुख ने सभी समस्याओ के समाधान के लिए शीघ्र उचित कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर निगम के राजस्व प्रभारी सीजू एन्थोनी, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद सुरेश वर्मा, उमेश साहू,अभय सोनी, नोमीन साहू ,मालती ठाकुर, सेवन कुमार, कोमल दास टंडन, सहायक महाप्रबंधक रणबीर पुंज ,आदि. उपस्थित थे.

### प्रवर्तन टीम ने पांच कब्जे खाली कराए

भिलाई । बीएसपी के प्रवर्तन विभाग द्वारा टाउनशिप में पांच अवैध कब्जों का खाली कराया गया। इनमें एक मकान सेक्टर 8 , दो रिसाली सेक्टर और दो मड़ौदा सेक्टर में खाली कराए गए। सेक्टर 6 में क्वार्टर नं. 7- एल सड़क 38 तथा क्वार्टर 7- एम सड़क 38 को कब्जाधारियों से खाली करवाकर मेंटेनेंस आफिस को सौपा गया। एक मकान को आवंटित लायसेंसधारी को दिया गया। इसके अलावा क्वार्टर 28-बी व क्वार्टर 28- सी को भी खाली कराया गया। विभागीय लोगों ने चेताया कि कब्जेधारियों से वसूली करने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया जाएगा और बेदखली कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# भिलाई संयंत्र की आपदा प्रबंधन टीम ने गैस पीड़ितों को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 के जीसीपी के एरिया में नेशनल डिज़ास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ), स्टेट डिज़ास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ), सीआईएसएफ और बीएसपी द्वारा आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। दुर्घटना के दौरान बचाव कार्य से लेकर दुर्घटना पर काबू पाने जैसे कार्यों को मॉक ड्रिल किया गया।

गैस पाइप लाइन के अंदर विस्फोट होने के कारण गैस का रिसाव होने लगा और 4 लोगों को गैस लग गई। सूचना पर बचाव दल नियंत्रित करने में जुट गया। डीजीएम मनीष तिवारी ने मुख्य नियंत्रक राजन आनंद महाप्रबंधक को सूचित किया। आपातकालीन स्थिति घोषित होने के तुरंत बाद, मुख्य नियंत्रक के रूप में महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस-8) श्री राजन आनंद ने तत्काल अपनी टीम को भी विभिन्न एजेंसियों को आपातकाल स्थिति के बारे में सूचित करने और स्थिति को नियंत्रित करने में लगा दिया। फायर ब्रिगेड, एमएमपी-1, सीआईएसएफ, प्लांट कंट्रोल, गैस सेफ्टी, हेल्थ सर्विसेस विभाग, सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग तथा ब्लास्ट फर्नेस के कार्मिकों व अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

ब्लास्ट फर्नेस-8 के जीसीपी (गैस क्लेनिंग प्लांट) के एरिया में गैस का रिसाव होने पर एनडीआरएफ टीम, एसडीआरएफ टीम, गैस सेफ्टी व फायर ब्रिगेड की टीम ने मिलकर अंदर फंसे घायलों को बाहर निकाला और समुचित प्रथमोपचार प्रदान कर उन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से मुख्य मेडिकल पोस्ट पर भेज दिया गया। गैस एरिया से 4 घायल व्यक्तियों को घटनास्थल से बाहर निकाला। पूरे परिसर में अन्य घायल व्यक्ति की तलाश की गई। गैस के अन्य क्षेत्रों मे गैस मॉनिटर से रिसाव की जांच की गई।

## ब्लास्ट फर्नेस-8 में किया गया मॉकड्रिल



### सुरक्षा व बचाव कार्य का किया अभ्यास

विभिन्न कार्यवाही को प्रोटोकाल के अनुरूप अंजाम दिया गया। इसके अतिरिक्त सूचना के आदान-प्रदान व समन्वय के विभिन्न पहलुओं को भी जांचा-परखा गया। आपदा अभ्यास में उन सभी गतिविधियों की क्लोज मॉनीटरिंग की गई और आने वाली विभिन्न खामियों को भी नोट किया गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि आपदा प्रबंधन अभ्यास एनडीआरएफ ,एसडीआरएफ, सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड, ईएमडी, एम एंड एचएस व अन्य एजेंसियों द्वारा यह मॉक ड्रिल अच्छी तरह से समन्वित किया गया।डीआईजी (सीआईएसएफ) प्रतिभा अग्रवाल नेकहा कि हमें और बेहतर करने के लिए नियमित रूप से मॉक ड्रिल का अभ्यास करना चाहिए।आपदा प्रबंधन अभ्यास के दौरान कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, सीजीएम तापस दासगुप्ता, पीके सरकार मनोज कुमार डी सतपथी आदि उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, एएसआई भरत सिंह चौधरी, एनडीआरएफ के अधिकारी रूंग सूउंग, उप-निदेशक आशुतोष पाण्डेय तथा सीआईएसएफ उपकमांडेंट सुश्री निधि सिंह उपस्थित थे। ब्लास्ट फर्नेस-8 के शिफ्ट इन्चार्ज एस सुतार, ब्लास्ट फर्नेस-8 के सुरक्षा अधिकारी हेमंत वर्मा व टीम का योगदान रहा।

## विरोध : कर्मचारी हुए एकजुट, बेमुद्दत हड़ताल से किया काम ठप

# एफएसएनएल के निजीकरण से बढ़ा आक्रोश, तेज होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

उपक्रम फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड ( एफएसएनएल ) के निजीकरण के खिलाफ विरोध बढ़ता जा रहा है। कर्मचारी व श्रमिक संगठनों ने शुरु से प्राफिट में रहने वाली इस कंपनी के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है । ऐसा नहीं किए जाने पर जापानी कंपनी सहित किसी भी निजी कंपनी को प्लांट के अंदर घुसने नहीं देने और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

एफएसएनएल को सरकार द्वारा जापन की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी को मात्र 320 करोड़ में बेच दिया गया है । इससे भिलाई मुख्यालय सहित सेल की विभिन्न एफएसएनएल यूनिटों के कर्मियों व मजदूरों में आक्रोश बढ़ रहा है। यूनियनों ने एकजुट होकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है । फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निजीकरण को वापस लेने की मांग को लेकर कंपनी की सभी यूनिटों में बेमुद्दत हड़ताल शनिवार को शुरू की गई । यूनियन नेताओं के मुताबिक एक करोड़ से अधिक कंपनी का एसेट होने के बावजूद मात्र 320 करोड़ में इस जापानी कंपनी के हाथों बेच दिए जाने का आम लोगों में फेरो स्क्रैप के कर्मचारियों में व भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारियों में और सेल के सभी यूनिटों के कर्मचारी और यूनियन में आक्रोश है । विरोध में एफएसएनएल भिलाई में सभी यूनियनों के माध्यम से हड़ताल किया गया जिसमें की सभी कर्मचारियों ने अपनी हाजिरी नहीं ली और साइट पर खड़े होकर जीरो प्रोडक्शन, काम बंद कर कर विरोध का प्रदर्शन किया।

### सभी यूनियनों ने फेरो स्क्रेप का निजीकरण रोकने की मांग की



### मुख्लालय के गेट पर जड़ा ताला

आंदोलन में फेरो स्क्रैप वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष अरुण सिंह सिसोदिया, जीपी चौधरी, सीएन सिंह और आदि यूनियनों के लोग उपस्थित थे। भिलाई फेरो इस्पात श्रमिक संघ के सुनीत सिंह व तनवीर अहमद, अशोक कुमार विश्वजीत दास आदि ने विरोध जताया। एफएसएनएल कार्मिकों सहित ठेका श्रमिकों ने बंद का समर्थन किया । इंटक के महासचिव वंश बहादुर सिंह , ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू, सीटू के एसपी डे ,सविता मालवीय, एटक के विनोद सोनी, एक्टू के जेपी नायर आदि विभिन्न यूनियनों के लोग उपस्थित थे। सभी ने निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। फेरो स्क्रैप यूनियन के अध्यक्ष अरुण सिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग किया कि यह निजीकरण नीचे के अधिकारी और कुछ नेताओं की मिलीभगत प्रतीत होता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए ।फेरो स्क्रैप निगम मुख्यालय गेट में एक भी आदमी को प्रवेश नहीं करने दिया गया। गेट पर ताला जड़ दिया गया। सभी यूनियनों ने कहा कि टेंडर हो जाने से कुछ नही होगा । हम किसी भी निजी कंपनी को प्लांट में नही घुसने देंगे।

### क्रेन के सामने बैठकर किया विरोध

एफएसएनएल को जापान की कंपनी को सौंपे जाने के बाद शनिवार को बीएसपी अंदर पूर्व के कांट्रेक्टर द्वारा न्यू स्केल ब्रेकर यार्ड व एसएमएस 3 में जैसे ही काम शुरु किया गया एएफएसएनएल कर्मी व यूनियन के लोग क्रेन के सामने बैठकर पुरजोर विरोध किए। ठेकेदार द्वारा बिना एफएसएनएल कर्मियों व अधिकारियों वहां से स्क्रैप की दुलाई शुरु कर दी गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही भिलाई फेरो इस्पात श्रमिक संघ के उपाध्यक्ष सुनित सिंह, तनवीर, विश्वजीत व गोपिका आदि ने विरोध किया। सभी को सीएआईएसफ के जवानों ने समझाइश देकर हटाया । यूनियन नेताओं के मुताबिक देशव्यापी हड़ताल में दुर्गापुर में पूर्णतया काम बंद रहा। वहां प्रभात चटर्जी और रंजीत शर्मा, हारधन साइ,इंटक के हरजीत सिंह, बर्नपुर में यूनियनों ने पूरी तरीके से कम बंद रखा । बिशाखापट्टनम में राजशेखर मंत्री रेड्डी, बोकारो में एके सिन्हा और राउरकेला में एसके नायक मोहंती पूरी तरीके से कम बंद कराया।

# बीएसपी में 70 प्रतिशत ठेका कार्य स्थानीय ठेकेदारों को मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ बीएसपी कॉन्ट्रेक्टर वेलफेयर एसो. सांसद से मिला

भिलाई स्टील प्लांट कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर ऐसोसिएशन के लोग अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह के साथ ठेकेदारों ने सांसद विजय बघेल से मिलकर बीएसपी के भेदभावपूर्ण रवैये से उपजे असंतोष से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाए जिससे कि वे अपनी आजीविका चला सके। श्री बघेल बीएसपी के निदेशक प्रभारी से फोन पर चर्चा कर शिकायत के जल्द निराकरण हेतु कहा । डायरेक्टर इंचार्ज ने उन्हे आश्वासन देते हुए तत्काल उचित कार्यवाही कर सम्मान पूर्ण हल निकलने का आश्वासन दिया । त्रिलोकी सिंह ने बताया कि, भिलाई के बाहर से स्थानांतरित होकर आये वरिष्ठ अधिकारी अपने साथ वहाँ के ठेकेदार को भी भिलाई ला रहे हैं । वे लोग बी एस पी के अलग अलग ट्रेड जैसे सिविल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल आदि के पंजीकृत ठेकेदार हैं तथा विगत 40 वर्षों से कार्य कर रहे हैं । लेकिन कुछ वर्षों से बी एस पी कई अलग अलग ट्रेडों को जोड़ कर ठेका बड़ा कर देते हैं, जिससे स्थानीय ठेकेदार पात्रता से बाहर हो जाते हैं । जिसका फायदा बाहर के बड़े ठेकेदार उठा रहे है । बी एस पी के इस रवइये से स्थानीय ठेकेदार बेरोजगार हो रहे हैं । कुशल श्रमिक का हवाला देकर बहरी श्रमिकों को कार्य मे लगाया जा रहा है । एसोसिएशन कि मांग की कि बीएसपी से निकलने वाले कार्यों मे 60% से 70% कार्य स्थानीय ठेकेदारों के लिए आरक्षित किया जाए ।

# ग्रेज्युटी व पेंशन आदेश जल्द करें जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ डिप्टी सीएम से मिला अनुदानित कालेजों का पेंशनभोगी प्राध्यापक संघ

प्रदेश के अनुदानित अशासकीय महाविद्यालयों के पेंशनभोगी प्राध्यापकों के संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर उन्हें अपनी पेंशन संबंधी समास्याओं से अवगत कराया। बतलाया कि उच्च न्यायालय द्वारा शासन को दिए गए आदेश में सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को उसी वेतनमान में पेंशन व ग्रेच्यूटी प्रदान करने का निर्देश दिया है, जिस वेतनमान में वे सेवानिवृत्त हुए हैं । इस आदेश के विरुद्ध शासन द्वारा डबल बेंच में दायर याचिका को भी डबल बेंच द्वारा खारिज किया जा चुका है। 80 सेवानिवृत प्राध्यापकों के हक में अब तक उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय दिया जा चुका है। संघ ने ज्ञापन में मांग किया है कि इन निर्णयों के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में शासन द्वारा विशेष रिट याचिका दायर न की जाए और सभी सेवानिवृत प्राध्यापकों को पुनरीक्षित वेतनमान के आधार पर ग्रेच्युटी व पेंशन देने के आदेश शासन द्वारा जारी किए जाए । श्री साव ने महाअधिवक्ता से चर्चा करने के बाद इस दिशा में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में संघ के अध्यक्ष डां. हरिनारायण दुबे, महासचिव डॉ डीएन शर्मा, डां. एआर वर्मा तथा प्रो. वाईपी पटेल शामिल थे।

# ओड़िया समाज, सीधा-साधा और कठिन मेहनत से जीवनयापन करने वाला समाजः सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सांसद विजय बघेल रविवार को नव चेतना परिषद उत्कल गाड़ा समाज सेवा समिति भिलाई चरोदा के नुआखाई जुहार भेंटपाट एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति बड़ी शक्ति होती है। आपसी एकजुटता से संगठन की ताकत बढ़ती है। उन्होंने क्षेत्र में ओड़िया समाज के एकजुटता की तारीफ करते हुए कहा कि ओड़िया समाज, सीधा-साधा सरल और कठिन मेहनत से जीवन यापन करने वाला समाज है, इस समाज की एकजुटता सराहनीय है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि यहां समाज के लिए सामाजिक भवन के निर्माण की मांग पर क्षेत्रीय विधायक के साथ मिलकर प्रयास करने का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी किस प्रकार उत्तेजित से विकास के काम कर रही है। सभी समाज के उत्थान और विकास के लिए लगातार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सवाड़ा ने आपस में मिलजुल कर काम करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।



■ नव चेतना परिषद उत्कल गाड़ा समाज सेवा समिति भिलाई चरोदा के नुआखाई जुहार भेंटपाट एवं सम्मान समारोह

# मजदूर नेता नियोगी के शहादत दिवस पर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ छमुमो ने की सभा में योगेंद्र यादव के योगदान को किया याद

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित प्रसिद्ध मजदूर नेता और छमुमो के संस्थापक महासचिव शंकर गुहा नियोगी के शहादत दिवस और शहीद ए आजम भगत सिंह जयंती पर जामुल से जुलूस निकालकर शंकर गुहा नियोगी चौक तक मार्च करते हुए नियोगी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनसभा का आयोजन किया।

सभा को नेशनल डेमोक्रेटिक पीपुल्स फ्रंट (एनडीपीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्यसत्ता द्वारा मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी की हत्या करवाई गई। बस्तर में फर्जी मुठभेड़ जारी हैं। जनवरी से अब तक 200 आदिवासियों की हत्या की जा चुकी है। क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब के प्रेस सचिव अवतार सिंह महमा ने कहा कि पंजाब के किसानों ने दिल्ली में किसानों की ताक़त सरकार को झुका दिया। छत्तीसगढ़ के किसानों को संयुक्त किसान मोर्चा से सीखना चाहिए। केकेयूके नेता शशिकांत ने कहा कि कॉरपोरेट सेक्टर के अडानी ने एसीसी को अधिग्रहित कर लिया। सभा को कलादास डहेरिया, रमाकांत बंजारे, जयप्रकाश नायर, मनोज, नीरा डहेरिया, शिवानी आदि ने भी संबोधित किया । राज्यपाल के नाम ज्ञापन एनडीपीएफ राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव सहित यूनियन नेताओं ने तहसीलदार को सौंपा।




## बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने मांगा जायज हक

# प्रोडक्शन रिलेटेड पे के समर्थन में निकाला मशाल जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बोनस फार्मूला के खिलाफ बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के आह्वान पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने मसाल जुलूस निकाला । जुलूस मुर्गा चौक सेक्टर 1 से निकल कर बीटीआई चौक से पुनः मुर्गा चौक पर आकर समाप्त हुआ । प्रदर्शन में बीएसपी कर्मचारी शामिल हुए । सेल प्रबंधन द्वारा एकतरफा एएसपीएलआईएस फॉर्मूला लागू करने तथा खाते में बोनस राशि भेजने से बीएसपी कर्मचारी आक्रोशित हैं ।

बीएसपी कर्मियों ने प्रोडक्शन रिलेटेड पे के समर्थन में 26—28 सितम्बर को काला बैज लगाकर काम किया । पुरानी यूनियनों द्वारा चुप्पी साधने पर बीएसपी कर्मियों ने खुद का यूनियन बनाया तथा बोकारो और राउरकेला में भी यूनियन का गठन किया है । बीएसपी कर्मी क्रूड स्टील तथा एबिटा अधारित प्रोडक्शन रिलेटेड पे को लागू करने की माँग कर रहे है । जिसके अनुसार 1 लाख 87 हजार रुपया प्रोडक्शन रिलेटेड पे की राशि तय हो रही है । यूनियन अध्यक्ष अमर सिंह ने प्रदर्शन में कहा कि दिन प्रतिदिन प्रोडक्शन तथा एबिटा बढ़ते जा रहा है लेकिन सेल प्रबंधन टुकड़ा फेककर कर्मचारियों का शोषण कर रही है । महासचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि पहले वेज रीविजन, एरियर में धांधली , अब बोनस में धांधली को हमसभी नही सहेंगे । एनजेसीएस तथा पुराने यूनियन नेताओ ने निजी लाभ के लिए कर्मचारियों के मुद्दो को बंधक रख दिया है। कोषाध्यक्ष नवीन मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम वेज रीविजन में धांधली पर कोर्ट गए हैं ।





### वायर रॉड मिल में नई रिंग ग्राइंडिंग मशीन का उद्घाटन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल में नई "वेंडेट कॉम्बी डेल्टा" रिंग ग्राइंडिंग मशीन का उद्घाटन, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा किया गया। रिंग ग्राइंडिंग मशीन एक अत्याधुनिक मशीनरी है जो ग्राइंडिंग, नॉच मिलिंग और टंगस्टन कार्बाइड रिंग्स की ब्रेंडिंग जैसी सुविधाओं से सुसज्जित है, जिनका उपयोग वायर रॉड मिल में प्लेन वायर एवं टीएमटी वायर रॉड के उत्पादन के लिए किया जाता है। सीजीएम एम के गोयल भी उपस्थित थे। उप-महाप्रबंधक एम वी गौरीनाथ ने नई मशीन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि यह मशीन गुणवत्ता और मात्रा के मायनों में वर्तमान समेत भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भी सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर जीएम अनुपमा कुमारी, एम हुसैन, एन के खरे आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



भारतीयता की झलक

**लाइव इवेंट**

## टीचर्स और स्टूडेंट्स ने मिलकर 61 यूनिट ब्लड डोनेट किया, आगे भी देने का संकल्प



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय और भारती चिकित्सा कॉलेज एवं चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें समस्त संकाय के विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने रक्तदान किया। प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने मिलकर 61 यूनिट रक्तदान का दान किया। साथ ही आगे भी इस प्रकार के शिविर में रक्तदान का संकल्प लिया। शिविर का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। एनएसएस प्रकोष्ठ के संयोजन डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने बताया कि युवा विद्यार्थियों में रक्तदान के महत्व को समझाने तथा जरूरतमंद व्यक्तियों हेतु रक्तदान कर रक्त एकत्रित करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ब्लड बैंक, डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर की टीम का सहयोग प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर में कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार, भारती ग्रुप के सीईओ प्रभजोत सिंह भूई के अतिरिक्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। प्राध्यापकों ने कहा कि भारत खून की कमी की समस्या से जूझ रहा है। दुर्घटना, रक्तस्त्राव, प्रसवकाल और ऑपरेशन में लोगों को खून की आवश्यकता पड़ती है। थैलेसीमिया, ल्यूकिमिया, हीमोफिलिया जैसे अनेक रोगों से पीड़ति व्यक्तियों के शरीर को भी बार-बार रक्त की आवश्यकता रहती है, अन्यथा उनका जीवन खतरे में रहता है, जिसके कारण उनको खून चढ़ाना अनिवार्य हो जाता है।

**सिटी इवेंट**

## महाराष्ट्रीयन तेली समाज का चुनाव, राजेंद्र डोरले बने अध्यक्ष, आशीष महासचिव



**भिलाई।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। वर्तमान अध्यक्ष एवं महासचिव ने समाज की प्रगति रिपोर्ट और आगे की योजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य मलेवार ने किया। उन्होंने कहा समाज समाज के लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही आगे बढ़ता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए कि मैं अपना समय अपना धन समाज के लिए भी खर्च करूंगा। चुनाव अधिकारी सुनील कामडे थे। समाज के वर्तमान अध्यक्ष एवं महासचिव पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने फिर से अपना विश्वास व्यक्त किया। देवेंद्र पोहाने ने उनका नाम प्रस्तावित किया। कोषाध्यक्ष के रूप में संजय मरगड़े को चुना गया। अध्यक्ष राजेंद्र डोरले, महासचिव आशीष चिन्धालोरे, उपाध्यक्ष जितेंद्र भोंगाडे, उदय कुंभलकर, राजेंद्र भांगे, मोहित साखरकर को चुना गया। अध्यक्ष महिला मंडल निशा मलेवार को सर्वसम्मति से चुना गया। सचिव रश्मि बागडकर, हेमा पोहाने चुनी गईं। युवा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बरई तथा सचिव मोहित निखाडे को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार डोरले, आशीष चिंधालोरे, संजय मरघडे, सुनील कामडे, पन्नालाल अगासे, धीरेन्द्र पाटिल, स्वाति निखाड़े, भुनेश्वरी निखाड़े, मनीषा तडस, रश्मि बागड़कर, हेमा पोहाने सहित अन्य मौजूद थे। नए पदाधिकारी शरद पूर्णिमा पर करेंगे पदभार ग्रहण करेंगे।

**सिटी इवेंट**

## आर्टकॉम ने सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में रोपे पौधे



**भिलाई।** आर्टकॉम पिछले 6 वर्षों से बरसात के चार महीने पौधे रोपने व बांटने का कार्य करती है। आर्टकॉम के अभियान का नाम हर आंगन एक पेड़ है। संस्था ने पिछले हफ्ते ही अपने अभियान के समाप्ति की घोषणा की थी। इसके बाद भी रोटरी क्लब के आव्हान पर संस्था आर्टकॉम ने सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में रविवार को पौधों का रोपण किया। नवदीप ब्लाइंड स्कूल में संस्था के सभी सदस्यों व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने मिलकर पौधे रोपे। इस अवसर पर नवदीप ब्लाइंड स्कूल के दृष्टि बाधित बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों ने गाना गाकर संस्था सदस्यों को सम्मानित किया। आयोजन में रोटरी क्लब के ज्ञानचंद जैन, आर्टकॉम संचालक निशु पाण्डेय, करमजीत सिंह, शारदा गुप्ता, गुरनाम सिंह, संतोष जायसवाल, बंटी नाहर, मेघा कौर, विजय गुप्ता, अजय प्रसाद, भास्कर तिवारी, नीलकमल सोनी आदि उपस्थित थे।

आठ दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत रविवार को दूसरा दिन रहा, ट्विनसिटी की महिलाओं की भीड़ उमड़ी

# गरबा का जश्न हरिभूमि के संग... ट्रेनिंग के दूसरे दिन भी दिखा उत्साह, छत्तीसगढ़ी, गरबा और कचुको ने जमाया रंग

हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित दो दिवसीय गरबा प्रतियोगिता 6 और 7 अक्टूबर को होनी है। इसे लेकर स्टील क्लब सेक्टर-8 में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को निशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। रविवार को प्रशिक्षण का दूसरा दिन रहा। अवकाश का दिन होने की वजह से महिलाओं का खासा उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं प्रशिक्षण में भाग लेने पहुंची। इस दौरान छत्तीसगढ़ी फोक डॉन्स, गरबा और गरबा की जुगलबंदी में सभी जमकर थिरकते नजर आए। प्रशिक्षण परिसर पूरी तरह से खचा-खच भरा हुआ था।





**भिलाई।** नवरात्र पर्व पर प्रतिवर्ष दैनिक हरिभूमि भिलाई और आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य गरबा का आयोजन किया जाता है। इस बार भी 6 और 7 अक्टूबर को स्टील क्लब सेक्टर-8 में गरबा को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कोई भी भाग ले सकता है। प्रतियोगिता पूरी तरह से निशुल्क है। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही हैं। सेक्टर 8 स्टील क्लब में चल रहे गरबा ट्रेनिंग के दूसरे दिन रविवार को ही ट्रेनिंग लेने वालों की संख्या बढ़ गई। लोग बेहद उत्साह और उमंग के साथ खुद से गरबा की ट्रेनिंग ले रहे हैं। ताकि हरिभूमि और आईएनएच के गरबा कार्यक्रम में धूम मचा सकें। शनिवार से प्रारंभ हुआ ट्रेनिंग सेशन दूसरे दिन रविवार को भी चला। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। नृत्य कला मंदिर रिसाली की डायरेक्टर रानी नंदनी और सांई एरोबिक्स क्लासेस के डायरेक्टर संतोष काले के मार्गदर्शन में हरीश किंग्स ऑफ गरबा भवानी, नृत्य गुरु जानकी राव ने गरबा के विभिन्न स्टेप्स सिखाए। इसमें छत्तीसगढ़ी गरबा, कचुकों व डाकला प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही लोगों ने टिमली, भवानी व सनेडो में ताल से ताल मिलाते हुए जमकर पसीना बहाया। हरिभूमि द्वारा आयोजित इस ट्रेनिंग सेशन में रविवार को पूर्णिमा लक्ष्मीपति राजू, सुमन कन्नौजे चेंबर ऑफ कॉमर्स महिला विंग महामंत्री, प्रभा गुप्ता संस्कार बुटीक सेक्टर 7, महिला पुलिस काउंसलर जया दुबे उपस्थित थे।





### ट्विनसिटी के लोग इन नंबरों पर करा सकते हैं पंजीयन

गरबा महोत्सव सीजन 9 को लेकर ट्विनसिटी के लोग ट्रेनिंग सेशन के दूसरे दिन भी काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में नृत्य कला मंदिर व साईं एरोबिक्स क्लासेस के ट्रेनर बिट्टू, ऊषा, प्रियल, रुपल व भीमा का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए हरिभूमि कार्यालय 0788-4091720 और 9755819129 नंबर में संपर्क किया जा सकता है। प्रतियोगिता के आयोजन में डांडिया महोत्सव सीजन 9 के एसोसिएट पार्टनर कमला मोटर्स गंजपारा दुर्ग, सहयोगी स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, अन्नू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, अतुल महाजन, सज्या आकाशगंगा, संस्कार बुटिक सेक्टर 7, इनर व्हील की अनामिका पटेल, अन्नू ब्यूटी क्लीनिक प्रगति नगर रिसाली संस्था के सदस्यों ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया।

## प्रधानमंत्री के 2047 विजन को रंगोली में उतारा

**भिलाई।** भाजपा कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम हुआ। इसमें अध्यक्ष महेश वर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुए। महिला मोर्चा की जिला प्रभारी सरिता मिश्रा के मार्गदर्शन और अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। निर्णायक के रूप में मिथिला खिचैरिया, उपासना साहू, तुलसी साहू रहीं। प्रथम पुरस्कार प्रतिभा महाराणा, द्वितीय अनमिता दुबे को मिला। इस अवसर पर जिला महामंत्री सरल आचार्य, कंचन सिंह, प्रमिला दुबे, इंदु कौर, मीणा गिरी, रबड़ी देवी, साबुजा देवी, निर्मला नायडू, रुक्मणि साहू, रश्मि साव, अनुपमा शुक्ला, सुगंधी सोनी, कंचन, मेघा, लक्ष्मी जोशी आदि मौजूद थे। विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत को रंगोली द्वारा मोदी के 2047 तक के भारत दर्शाया गया।





## राजस्थान की फेलौदी माता मंदिर में प्रभंजय देंगे प्रस्तुति



**भिलाई।** नवरात्रि पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भवानीमंडी (राजस्थानी) में फेलौदी माता मंदिर संगीत समारोह में भिलाई के भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी प्रस्तुति देंगे। उनका कार्यक्रम 5 अक्टूबर को होगा। वे भजन संध्या कार्यक्रम में शामिल होंगे। माता का मंदिर राजस्थान के भवानीमंड में स्थित है। यह प्रतिष्ठित आयोजन राजस्थान सरकार के सांस्कृतिक विभाग द्वारा किया जा रहा है।

प्रभंजय चतुर्वेदी के साथ इस समारोह में तबले पर भालचंद्र शेगेकर, की बोर्ड पर दिलीप शर्मा और ऑक्टोपैड पर देबब्रत मजुमदार संगत करेंगे।

ज्योत-जंवारा स्थापित करने देवालय सज रहे, दुर्गा पंडालों में माता के लिए विशेष साज-सज्जा

**कार्नर न्यूज**

# इस शारदीय नवरात्र मां दुर्गा डोली में सवार होकर आ रहीं और हाथी पर लौटेंगी, इसलिए खास महत्व

**भिलाई।** शारदीय नवरात्र की शुरुआत 3 अक्टूबर से होने जा रही है। यह नवरात्र बेहद खास है। ज्योतिषाचार्य पं. विनोद चौबे बताते हैं कि वर्ष में चार नवरात्र आते हैं। सभी नवरात्र का अपना महत्व है। किंतु इस शारदीय नवरात्र का अत्यधिक महत्व है। कहा गया है 'शरत्काले महापूजा क्रियते च वार्षिकी' अर्थात शारदीय नवरात्र को वार्षिकी पूजा कहा माना गया है, जो लोग किन्हीं कारणों से चैत्र, माघ, आषाढ़ माह की नवरात्र में देवी पूजा नहीं कर पाते वे यदि आश्विन शुक्ल पक्ष के इस शारदीय नवरात्र में श्रद्धा भाव से देवी अनुष्ठान करते हैं। उन पर मां दुर्गा की विशेष कृपा होती हैं। वे माता के दरबार से कभी खाली हाथ नहीं जाते हैं, माता उन्हें खाली हाथ जाने भी नहीं देती है। शहर में दुर्गा पांडाल सजकर तैयार हैं। लोग अपने घरों के साफ-सफाई मे लगे हैं। भगवती दुर्गा जी के पूजा मे कोई कमी न रह जाए, उसकी तैयारी जोरों पर है।

### मार्कण्डेय पुराण से लिए गए 13 अध्याय

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. विनोद चौबे बताते हैं कि शारदीय नवरात्र मे मार्कण्डेय पुराण से लिए गए 13 अध्याय, जिसे श्री दुर्गासप्तशती कहा जाता है। दुर्गासप्तशती के पाठ का विशेष महत्व है। नवरात्र मे नवचंडी पाठ करना चाहिए। दुर्गासप्तशती पाठ के पूरे 13 अध्याय का प्रतिदिन पाठ करना चाहिए, इस पाठ के प्रभाव भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस




नवरात्र मे भगवती डोली में सवार होकर आ रही हैं। और हाथी पर सवार होकर जाएंगी। कन्या राशि में बुध, सूर्य और केतु वहीं तुला राशि मे शुक्र हैं, जो गोचरीय दुर्लभ संयोग बन रहा है। शुक्र देवी के उपासक हैं, यदि इस नवरात्र मे पद-प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से त्रिपुरसुंदरी देवी का अनुष्ठान किया जाए तो शत प्रतिशत फलप्रद होता है।

### कलश स्थापना का मुहूर्त दोपहर 2:42 बजे तक

ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि कलश स्थापना मुहूर्त 3 अक्टूबर को हस्त नक्षत्र दोपहर के 2 बजकर 42 मिनट तक रहेगा। उसके बाद चित्रा नक्षत्र आरंभ हो जाएगा। चित्रा नक्षत्र लगने के पहले हस्त नक्षत्र मे ही देवी मंदिरों, दुर्गा पांडालों अथवा घरों मे ज्योति कलश स्थापित कर लेना चाहिए। प्रातःकाल 6 बजकर 22 मिनट से 10 बजकर 22 मिनट तक हस्त नक्षत्र मे ज्योति कलश स्थापन का उत्तम मुहुर्त है। वहीं अभिजित मुहूर्तः 11:50 से 12: 38 तक रहेगा। नवरात्र के प्रथम दिन प्रतिपदा को रात्रि में कलश स्थापना नहीं करना चाहिए, शास्त्र में कहा गया है कि न रात्रौ स्थापनं कार्य न च कुम्भाभिषेचनम् । इसलिए दुर्गा पांडालों मे अथवा मंदिर हो या घर हो सभी स्थानों पर कलश स्थापना दोपहर 2:42 के पहले ही कर लेना चाहिए।




### राशियों के अनुसार देवी पूजन का महायोग

मेषः- चांदी के सिक्के को लाल धागा से बांध कर दुर्गा जी का प्रतिदिन पूजन करें।
वृषभः- मां शैलपुत्री की सूखे मेवे और शहद से पूजन करें।
मिथुनः- कुष्मांडा देवी की अपामार्ग से पूजा करें ।
कर्क :- मां गौरी को मौलसिरी पुष्पों से पूजा करें।
सिंहः- मां अष्टभुजा देवी की उपासना करें, खीर का भोग लगाएं।
कन्याः- स्कन्द माता देवी को शाक अर्पित करें और बाद मे श्यामा गौरी को चुनरी ओढाकर साथ कन्या पूजन करें।
तुलाः- इस नवरात्रि में आपको शहद से मां कामाख्या की पूजा करें।
वृश्चिकः- सिंह वाहिनी देवी की प्रतिदिन अनार का भोग लगाएं।
धनुः- देशी घी, शहद और गुड़ को मिलाकर कालभैरव स्तोत्र का पाठ कर आह्लादित करने वाली देवी दुर्गा की आराधना करें।
मकरः- इस बार आपकी 29 मार्च,2025 को शनि की साढ़ेसाती समाप्त हो रही है आप मां कात्यायनी की पूजा करें, आय बढ़ेगी।
कुम्भः- आपकी राशि पर शत्रु बाधा समाप्त करने के लिए बगलामुखी साधना करनी चाहिए।
मीन राशिः कमलवासिनी लक्ष्मी जी को पूरे नवरात्र पंचामृत से अभिषेक करें।

## सिटी इवेंट

# विश्व पर्यटन दिवस पर वीडियो क्लिप्स में साक्षी साहू अव्वल




**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। भारत सरकार के पर्यटन विभाग के सौजन्य से टूरिज्म क्लब द्वारा इस अवसर पर विभिन्न रोचक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीसीए की खुशी गुप्ता ने प्रथम तथा दीक्षा चौहान एमएससी एवं आदित्य साव बीसीए ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल पर वीडियो क्लिप्स स्पर्धा में प्रतिभागियों ने बस्तर, मैनपाट, सरगुजा की वादियों के मनोरम दृश्य प्रस्तुत किए। इस प्रतियगिता में बीएससी की साक्षी साहू ने प्रथम और तुलसी कश्यप, हेमानंद एमएससी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सोनिका बैगा तीसरे स्थान पर रहीं। कुलपति डॉ. एके झा एवं डायरेक्टर विकास डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। कुलपति डॉ. झा ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने तथा अपने प्रदेश के खूबसूरत स्थलों से सभी को परिचित कराने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. प्राची निमजे एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने भी विधार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

- श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी का आयोजन

## सिटी लाइव

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम से जुड़ा उज्जीवन स्मॉल बैंक




**भिलाई।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का 7वां स्थापना दिवस मनाया गया। आयोजन में समाजसेवी शामिल हुए। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाई से जुड़कर इस दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य करने का संकल्प बैंक प्रबंधन ने लिया। आयोजन में बेटी बचाओ मंच की जिला अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुईं। आयोजन के दौरान बैंक प्रबंधन ने अपना रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत किया, इसमें आय-व्यय की पूरी जानकारी दी गई।

- उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का 7वां स्थापना दिवस समारोह

बैंक के अधिकारियों ने बताया कि बैंक 2015 में भारतीय रिजर्व बैंक से स्वीकृति मिलने के बाद 2017 में एक स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB) में परिवर्तित हो गया। 2005 मं एक माइक्रोफाइनेंस संस्थान के रूप में काम करना शुरू किया था। इसका उद्देश्य मुख्य रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वंचित और बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करना था। 2015 में एक स्मॉल फाइनेंस बैंक स्थापित करने के लिए आरबीआई से स्वीकृति प्राप्त की। 2017 में एक स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में परिचालन शुरू किया। 2019 में अपने वित्तीय आधार को और मजबूत करने के लिए आरंभिक सार्वजनिक पेशकश आईपीओ को सफलतापूर्वक पूरा किया। 2021-2023 में ग्राहक सेवा और वित्तीय समावेशन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से तकनीक-संचालित समाधानों के साथ अपने डिजिटल पदचिह्न का विस्तार करना जारी रखा। 2024 में जमा और ऋण पोर्टफोलियो में वृद्धि की।

## एजुकेशन इवेंट

# हिंदी पखवाड़ा: स्कूली छात्रों को नैतिक शिक्षा से जुड़े टिप्स दिए




**दुर्ग।** लायंस क्लब दुर्ग सिटी द्वारा कन्या हायर सेकंडरी स्कूल तकिया पारा में नैतिक शिक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्ष लायन सुमन पांडे ने उपस्थित प्रिंसिपल, टीचर्स, लायंस साथियों का स्वागत किया। ध्वज वंदन का पठन रश्मि अग्रवाल ने किया। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. रौनक जमाल ने नैतिक शिक्षा पर अपने विचार रखे। अजीज इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्राचार्या श्वेता उपाध्याय ने बच्चों को अनुशासन की महत्ता से अवगत कराया। आयोजन में अमर सिंह गुप्ता ने मंच संचालन किया और बच्चों से ज्ञानवर्धक सवाल पूछे। प्राचार्या आशा टेकाम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उनके स्कूल में होते रहने चाहिए। सुमन पांडे ने उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें जब भी लायंस क्लब की सेवाओं की आवश्यकता होगी, वे हाजिर होगा। शिक्षिका सरिता अग्रवाल जी ने लायंस की व्याख्या की। प्राचार्या और वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- सेवा परमोधर्म की भावना के साथ नैतिक शिक्षा पर कार्यशाला

### छात्राओं को दिए गए उपहार, अनुभव भी बांटे

स्कूल की छात्रायों फरहीन, बिंदिया, आयशा, राशि और जुफ्शा को अध्यक्ष ने उपहार देकर सम्मानित किया। संस्था की सचिव रश्मि अग्रवाल ने शाला की प्राचार्या आशा टेकाम, सरिता अग्रवाल, प्रभा साहू, कृति शर्मा, महलका खान को भी सम्मानित किया गया। लायंस क्लब के मेंबर्स ने छात्राओं से उनके अनुभव पूछे। साथ ही पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहती हैं। उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर कैलाश जैन बरमेचा, अनिता तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## अग्रसेन जयंती समारोह- दुर्ग और न्यू खुर्सीपार में हो रहा मजेदार खेल स्पर्धाओं का आयोजन

# राखी बनाओ, अंब्रेला सजाओ, क्ले टॉय मेकिंग सामान्य ज्ञान, बैलेंसिंग जैसे सरप्राइस गेम्स हुए

**दुर्ग-भिलाई।** अग्रसेन जयंती समारोह को लेकर दुर्ग और भिलाई के अग्रसेन भवन में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को अग्रसेन भवन दुर्ग में कई मजेदार गेम्स हुए। समाज के उपाध्यक्ष बृजमोहन गोयल एवं प्रेम अग्रवाल ने बताया की अग्रसेन जयंती पर बच्चे,युवा एवं वरिष्ठ सभी वर्गों में उत्साह का वातावरण है। महिला मंडल की उपाध्यक्ष वन्दना गुप्ता एवं नीलू अग्रवाल ने बताया कि राखी बनाओ, अंब्रेला सजाओ, गंतव्य कल्पना, दादी चले संग हम सहित कई सरप्राइज गेम आयोजित हुए। इसमें महिलाओं ने बहुत ही सुंदर ढंग से राखी बनाकर एवं अंब्रेला सजाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चे अपने दादा-दादी के साथ थोड़ा समय व्यतीत करते हैं तो दादा-दादी को कितनी खुशी मिलती है। दादी संग चले हम प्रतियोगिता में सजीव चित्रण पेश किया गया। इसके अलावा सामान्य ज्ञान, क्ले टॉय मेकिंग, म्यूजिकल चेयर, बैलेंसिंग गेम इत्यादि प्रतियोगिताएं हुईं। इसके अंतर्गत बच्चों ने अच्छे-अच्छे टॉय बनाएं। सामान्य ज्ञान के जरिए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया म्यूजिकल चेयर में बच्चों ने खूब मस्ती की।




### वरिष्ठों के सानिध्य में लगातार प्रतियोगिताएं

समाज के वरिष्ठजनों में संरक्षक विजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा के सानिध्य और अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के निर्देशन में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को आयोजित कार्यक्रमों में दिनेश अग्रवाल, सतपाल बंसल, विमल राजगढ़िया, राजेश रुंगटा, गिरीश अग्रवाल, यूथ क्लब के अनूप अग्रवाल, राहुल मित्तल, सागर सक्सेरिया सहित अन्य मौजूद थे। समाज के मनोज अग्रवाल ने बताया कि 30 सितंबर को कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित है। सुबह साढ़े 10 बजे से कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी।





### खुर्सीपार में मास्टर शेफ की स्पर्धा, 11 जोड़ियां हुईं शामिल, पुरुषों ने बनाए राजस्थानी व्यंजन



**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार के अग्रसेन भवन में आयोजित किए जा रहे अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत रविवार को विभिन्न रोचक प्रतियोगिताए आयोजित कराई गई। आयोजन में स्वर्गीय सीताराम गर्ग की स्मृति में घनश्याम दास अग्रवाल की ओर से मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन अग्रसेन भवन में कराया गया। अग्रसेन जयंती महोत्सव के सांस्कृतिक प्रभारी पवन अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में संयुक्त परिवार के एक महिला-एक पुरुष में मां-बेटा, भाई-बहन, पति-पत्नी ने हिस्सा लेते हुए दो व्यंजन बनाए। आयोजन में रोचक यह रहा कि प्रतिभागी टीम में महिला निर्देश देती रही और पुरुष ने व्यंजन बनाए। प्रतियोगिता में 11 जोड़ी प्रतिभागी बने। प्रतियोगिता में राजस्थानी थीम पर प्रतिभागियों ने व्यंजन बनाए, जिसमें दाल बाटी चुरमा, बाजरे की रोटी, घेवर आदि व्यंजन शामिल रहे।

प्रतियोगिता में प्रथम राजेश अग्रवाल और द्वितीय स्थान पर आयुष अग्रवाल आए। इसके अलावा दोपहर 2 बजे से एक दिवसीय खेलों के आयोजन हुए। इसमें आर्चरी, कॉर्न हॉल, स्लिंगो हॉकी, टैप टो, डोंट क्लैप चैलेंज, बॉटम्स अप, म्यूजिकल बंपर हाऊजी के अलावा गेस द कोलड्रिंक, गेस द सीक्वेंस सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस अवसर पर समाज के संतोष अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, अशोक बंसल, शिरीष अग्रवाल, सुनील गोयल, श्रीभगवान अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्गा, कविता, लक्ष्मी, कुसुम, अंजू, प्रतिमा, निखिल, समीर, हिमांशु, आदित्य, अंकुश, नवीन, अंकित, आयुष, यश, भावेश आदि उपस्थित रहे।



## बैठक में निर्णय

# बौद्ध महासभा महिला संघ दुर्गा की अध्यक्ष चुनी गईं प्रज्ञा बौद्ध



**दुर्ग।** डॉ. आंबेडकर वाचनालय जवाहर नगर में भारतीय बौद्ध महासभा जिला महिला संघ की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से बौद्ध महासभा महिला संघ दुर्गा की अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध चुनी गईं। इसके अलावा संरक्षक मीणा नारनवरे, उपाध्यक्ष इंदु ढोक, सुधा डोंगरे, कोषाध्यक्ष उषा भौतमागे, लेखापाल रंजना वालवानदरे, सचिव प्रीतिमा गेडाम, सहसचिव इन्दू ऊके, संगठन सचिव शोभा जामुलकर, प्रचार सचिव कविता रंगारी, मीडिया प्रभारी नूतन पखिंडे एवं सदस्य पुष्प लता भोईर, शशि महेश्वरी, बिंदु वैद्य, बबीता मेश्राम, साधना नागवंशी, उषा रावत, अंजना घोड़े सवार, कुंदन भालाधरे, चंद्रभागा टैंभूरने, अरुणा घरडे, अरुणा डोंगरे नियुक्त की गई हैं। यह चुनाव राष्ट्रीय ट्रस्टी एसआर कानडे, जिला अध्यक्ष सीके डोंगरे एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय सेंद्रे की उपस्थिति में हुआ।

# मनमोहन बने केंद्रीय जेल दुर्ग के संदर्शक



**दुर्ग।** केंद्रीय जेल दुर्ग का संदर्शक मनमोहन शर्मा को बनाया गया है। वर्तमान में वे बीजेपी संगठन में मंडल महामंत्री हैं। सांसद विजय बघेल, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा एवं अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की अनुशंसा पर उन्हें संदर्शक बनाया गया है। मनमोहन अब जेल प्रशासन और कैदियों के सुधार के लिए विशेष भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति के बाद मनमोहन ने कहा कि इस पद के माध्यम से समाज के उस वर्ग की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और समर्थन की आवश्यकता है। मेरा उद्देश्य है कि जेल में कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए समुचित कदम उठाए जाएं।

# माता कौशल्या व भांचा राम की गौरवगाथा सुनाने 6 से रामधुनी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की बेटी कौशल्या और भांचा रामचंद्र की गौरव गाथा एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर छत्तीसगढ़ में पहली बार छत्तीसगढ़ स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन 6 से 8 अक्टूबर के मध्य किया जाएगा। प्राचीन बैकुंठधाम शिव दुर्गा हनुमान मंदिर नेवई में कार्यक्रम का आयोजन होगा। पुरखा के सुरता जनकल्याण समिति एवं प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर समिति नेवई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके संयोजक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले हैं।

ऐतिहासिक प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय होगी। उनके अलावा सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चन्द्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाडा, विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक रिकेश सेन सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

### प्रथम 10 टीमें होंगी पुरस्कृत, प्रत्येक मंडली का भी सम्मान

आयोजन में प्रथम 10 टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मंडली को 3 हजार रुपए और श्रीफल के साथ सम्मानित किया जाएगा। श्रेष्ठ गायन, वादन, वेशभूषा, अनुशासित झांकी में 1001 एवं मेडल आदि से सम्मानित किया जाएगा। 6 अक्टूबर को राम काज एवं समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित किया जाएगा। इसमें लोकगायिका कविता वासनिक, भूपेन्द्र साहू, डॉ. अजय मोहन सहाय, सुनील सोनी को सम्मानित किया।

### श्यामा श्याम धाम में क्वांर नवरात्रि की तैयारी शुरू



**भिलाई।** श्यामा श्याम धाम सार्वजनिक दुर्गा दशहरा मैदान नेवई भाठा उमरपोटी में शारदीय क्वांर नवरात्रि महापर्व की तैयारी शुरू हो गई है। आयोजन 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया जाएगी। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। साथ ही साफ सफाई उमरपोटी मेन रोड में गेट निर्माण किया जा रहा है।नवरात्रि के पहले दिन प्रतिपदा 3 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित कर ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। दोपहर 12 बजे से विधि-विधान से सारे संस्कार कराए जाएंगे। प्रतिदिन माता रानी का गरबा रात्रि 9 बजे 11 बजे तक होगा। 8 अक्टूबर को पंचमी पर बाना परधौनी एवं माता श्रृंगार प्रातः 11 बजे होगा। रात्रि 9 बजे से दिया के अंजोर जस झांकी परिवार पेंड्री बालोद के द्ववार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। 11 अक्टूबर को अष्टमी पर महाअष्टमी हवन पूजन, कुंवारी कन्या भोज व महाभोग का वितरण दोपहर 3 बजे से होगा। 12 अक्टूबर को नवमी के दिन सुबह 10 बजे मां दुर्गा की शोभायात्रा एवं मां दुर्गा कीं प्रतिमा ज्वारा बिसर्जन का कार्यक्रम नेवाई भाठा शीतला तालाब में किया जायेगा। 13 अक्टूबर दिन रविवार को शाम 7 बजे से रामलीला, रात्रि 9 बजे रावण दहन और रात 10 बजे रंग झरोखा सांस्कृतिक कार्यक्रम दुष्यंत हरमुख द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

## राष्ट्रपति से सम्मानित हो चुकी हैं शारदा, 12 संगठनों ने किया सम्मानित

# दिव्यांग शारदा नैतिक शिक्षक पर आधारित कहानियों का 15 भाषाओं में करेंगी अनुवाद



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** राष्ट्रीय फलक पर भिलाई तथा आंध्र समाज का नाम रोशन करने वाली सर्वोच्च राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित के शारदा को समाज के विभिन्न संगठनों ने पलकों पर बैठा लिया है। इस बार समाज के एक बड़े संगठन आंध्र साहित्य समिति ने बालाजी मंदिर के आंध्र भवन में समारोह आयोजित कर शारदा का आत्मीय अभिनंदन किया। उन्हें सम्मानित करने समिति के संस्थापक ए रमनाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, तेलुगु सेना के प्रदेशाध्यक्ष नीलम चन्ना केशवलु, समाजसेविका बी पोलम्मा तथा पूर्व सभापति पी श्यामसुंदर राव खास तौर पर मौजूद थे। शारदा को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया था।




### बारह संगठनों ने किया सम्मान

दिव्यांग शिक्षिका के शारदा मंच पर व्हील चेयर से पहुंचीं। सबसे पहले आंध्र साहित्य समिति के पदाधिकारियों ने के शारदा का शॉल, स्मृति चिह्न, फूलमालाओं तथा पुष्पगुच्छ से सम्मान किया। उसके बाद अखिल भारतीय तेलुगु सेना, कलांजलि नाट्य एवं सांस्कृतिक संस्था, आंध्र महिला मंडली, आंध्र ब्राह्मण समाज, साईं नाथ जनसेवा समिति, प्रजा सेवा समिति, घंटसाला चैतन्य वेदिका, भिलाई रेड्डी संघ, भिलाई यादव समाज, श्रीकोदंडा रामालयम-हुडको तथा मां राज राजेश्वरी स्व सहायता समूह के सदस्यों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। इस मौके पर उनके पिता के गुम्मड़िराव और माता के सावित्री का भी पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। शारदा अब नैतिक शिक्षा में आधारिक कहानियों का 15 भाषाओं में अनुवाद करेगी।

### छोटी उम्र में बड़ी उपलब्धि

समिति के अध्यक्ष पीवी राव ने कहा कि के शारदा द्वारा शारीरिक चुनौतियों का सामना करते हुए इतनी छोटी सी उम्र में सर्वोच्च राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पाना असाधारण बात है। उनकी इस उपलब्धि ने समूचे आंध्र समाज को गौरवान्वित किया है। सचिव पीएस राव ने कहा कि गणित जैसे जटिल विषय को वीडियो और स्व रचित पुस्तकों के माध्यम से आसान और दिलचस्प बनाना, निस्संदेह प्रशंसनीय है। इनके कृतित्व से प्रेरणा प्राप्त कर छात्र शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ सकते हैं। सह सचिव बीए नायडु ने समारोह का संचालन करते हुए शिक्षिका शारदा के संघर्ष और सफलता की कहानी का जीवंत चित्रण किया। कार्यकारिणी सदस्य के लक्ष्मीनारायण ने आभार जताया।

### संघर्ष की कहानी, उन्हीं की जुबानी

शिक्षिका शारदा अपने संघर्ष के दिनों को याद करके भावुक भी हो गईं। उन्होंने कहा कि एक सामान्य बच्चे का लालन-पालन आसान होता है, लेकिन मेरे जैसे दिव्यांग को पालना और शिक्षित करना चुनौतीपूर्ण होता है। दरअसल, यह सिर्फ मेरे संघर्ष की कहानी नहीं है, बल्कि मेरे माता-पिता की संघर्ष-गाथा है। दिव्यांगता के कारण मेरे सामने जो चुनौतियां आईं, उन्हें मैं अवसर में बदला। एक समय ऐसा भी आया जब मेरे पैर काम नहीं कर रहे थे और एक हाथ निष्क्रिय भी हो गया था। स्थिति ऐसी हो गई थी कि मैं अपने हाथ से पानी का गिलास भी नहीं उठा सकती थी। मैं पूरी तरह टूट चुकी थी, लेकिन मेरे परिवार ने मेरे हौसलों को टूटने नहीं दिया। आज मैं जिस भी मुकाम पर हूं, उसके पीछे मेरे परिवार का बहुत बड़ा हाथ है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में नैतिक मूल्यों के पतन से व्यथित शिक्षिका ने नैतिक शिक्षा पर आधारित कहानियों का 15 भाषाओं में अनुवाद करने की योजना भी बनाई है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ और आंध्र की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप-सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रायपुर में जारी है। रविवार को इस प्रतियोगिता में दो मैच खेले गये। पहले मैच में छत्तीसगढ ब्लू के विरुद्ध टॉस जीत कर छत्तीसगढ रेड वुमेंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 151 रन बनाये। छत्तीसगढ ब्लू की शुरुवात अच्छी नहीं रही तथा उसके प्रांरभिक बल्लेबाज मनप्रीत कौर बिना खाता खोले आउट हो गयी। परंतु उनके बाद छत्तीसगढ ब्लू की ओर से कप्तान कृति गुप्ता ने 65 रन तथा मंजरी गावडे ने 44 रन बनाकर टीम को स्थिरता दी। साथ ही सृष्टि शर्मा ने 20 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ रेड की ओर से योगिता लहरे, श्रद्धा वैष्णव तथा देवकी सोनवानी ने 1-1 विकेट प्राप्त किए।152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ रेड वुमेंस की टीम 19.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 81 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ रेड की ओर से कप्तान कुमुद साहु ने सर्वाधिक 35 रन तथा मिताली शर्मा ने 14 रनों योगदान दिया। वही छत्तीसगढ ब्लू की ओर से पल्लवी वर्मा ने 2 विकेट प्राप्त किये। कृति गुप्ता को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। छत्तीसगढ ब्लू ने 70 रनों से मैच जीत लिया।

दोपहर 1 बजे से दूसरे मैच में बंगाल के विरुद्ध टॉस जीत कर आंध्र प्रदेश वुमेंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बंगाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये में निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 109 रन बनाये। बंगाल की ओर से तनुश्री सरकार ने सर्वाधिक 41 रन बनाये। साथ ही मीता पॉल ने 32 रन तथा प्रियंका बाला ने 22 रनों का योगदान दिया। आंध्र प्रदेश की ओर से श्रीचरनी तथा सारान्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 2-2 विकेट प्राप्त किए। 110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्र प्रदेश वुमेंस की टीम ने 15.5 ओवरों में 2 विकेट खोकर 110 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। आंध्र प्रदेश की ओर से कप्तान मेघना तथा स्नेहा ने 31-31 रन तथा हेनेरीटा ने 24 रनों योगदान दिया। वही बंगाल की ओर से अरुणा तथा साइका इसहाक ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। मेघना ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। आंध्र प्रदेश ने 8 विकेट से मैच जीत लिया।

### सीएससीएस की अंडर-19 टी-20 खिलाड़ियों की सूची

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा विमेंस अंडर-19 टी 20 टूर्नामेंट हेतु चयनित खिलाड़ियों की सूची को जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ टीम



एक अक्टूबर से चेन्नई की मेज़बानी में आयोजित बीसीसीआई द्वारा आयोजित स्पर्धा में भाग लेगी। टीम की कमान राजनांदगाव की खिलाड़ी महक नरवसे संभालेंगी। इस टूर में छत्तीसगढ़ अपने सभी मुकाबले चेन्नई के मैदान में क्रमश बिहार, मिजोरम, गुजरात, कर्नाटक और बरोदा के खिलाफ खेलेंगे। टीम में आकांक्षा रानी जयपुर, मानसी उपाध्याय जांजगीर चाम्पा, कल्पना पांडे दुर्ग, सिद्धिक्षा तिवारी रायपुर, शेख नाजिया विकेटकीपर दंतेवाड़ा, राधिका नेताम बस्तर, सेजल वर्मा विकेटकीपर रायपुर, चांद चेलक विकेटकीपर बिलासपुर, सिलमणि कंडुलना कोरबा, अनम खान रायपुर, श्रेया श्रीवास बीसीए, महक नरवसे कैप्टन राजनांदगांव, किरण वर्मा रायपुर, चांदनी कुमारी जांजगीर चांपा और शांति बघेल रायपुर शामिल हैं। मुख्य मैच में बिहार विरुद्ध छत्तीसगढ़ 1 अक्टूबर, छत्तीसगढ़ विरुद्ध मिजोरम 2 अक्टूबर, छत्तीसगढ़ विरुद्ध गुजरात 4 अक्टूबर, छत्तीसगढ़ विरुद्ध कर्नाटक 6 अक्टूबर और बड़ौदा विरुद्ध छत्तीसगढ़ 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेला जाएगा।

### राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल स्पर्धा के लिए राज्य की टीम घोषित



**रायपुर।** राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल बालक बालिका टीम किट वितरण समारोह रविवार को छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान बिलासपुर में रखा गया। जिसमें अतिथि के रूप में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया और छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ बेसबॉल के कोच अख्तर खान ने बताया कि राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल बालक बालिका प्रतियोगिता संगरूर पंजाब में 2 से 6 अक्टूबर तक आयोजित है। जिसके लिए 26 अगस्त को राज्य स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित किया गया था जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। जिस आधार पर प्रदेश के 18 बालक व 18 बालिका को चयन किया गया था। जिनका प्री-नेशनल कोचिंग कैंप 20 से 29 सितंबर तक छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में आयोजित किया गया।

### शरीर में कई प्रकार की भी बीमारियों को बढ़ाने का कारण बन सकती है यह सूजन

# अनावश्यक वजहों से होने वाली सूजन पर बरतें गंभीरता, नुकसान भी कर सकती है ये तकलीफ

इंफ्लामेशन, हमारे शरीर की उपचार प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा है। जब हमारा शरीर किसी आक्रामक एजेंट (जैसे वायरस, बैक्टीरिया या रसायनों) के संपर्क में आता है तो इसकी प्रतिक्रिया में सूजन होती है। हालांकि अगर ये इंफ्लामेशन या सूजन की समस्या अनावश्यक कारणों से होने लगती है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सूजन, चोट या संक्रमण से शरीर की रक्षा के लिए इंफ्लामेशन होना एक सामान्य प्रक्रिया है हालांकि सूजन तब हानिकारक हो जाती है जब यह स्वस्थ ऊतकों में हो जाए या बहुत लंबे समय तक बनी रहे। इसे क्रोनिक इंफ्लामेशन के रूप में जाना जाता है, जो शरीर में कई प्रकार की भी बीमारियों को बढ़ाने का कारण बन सकती है।



### इंफ्लामेशन के कारण क्रोनिक बीमारियों का खतरा

लंबे समय तक बनी रहने वाली इंफ्लामेशन की समस्या कई प्रकार की बीमारियों जैसे रुमेटाइड आर्थराइटिस और ऑटोइम्यून बीमारियों का कारण बन सकती है। कार्डियोवस्कुलर रोग जैसे उच्च रक्तचाप और हृदय रोग, गैस्ट्रोइंटस्टाइनल विकारों को भी इंफ्लामेशन के कारण होने वाली समस्या के रूप में जाना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को शरीर में इंफ्लामेशन को कम करने वाले उपायों पर ध्यान देते रहना चाहिए। कुछ लक्षण इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपके शरीर में इंफ्लामेशन हो रहा है।

### इंफ्लामेशन को कम करने के लिए क्या करें?



डॉक्टर कहते हैं, अपने शरीर से सूजन को कम करने के लिए छह बातों पर विशेष ध्यान देते रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। एंटी-इंफ्लामेटरी खाद्य पदार्थों का सेवन करें। ऐसी चीजों का सेवन कम करें जो इंफ्लामेशन को बढ़ाती हैं। ब्लड शुगर को नियंत्रित रखें। नियमित रूप से व्यायाम करें। वजन को कम करने का प्रयास करते रहें। तनाव का प्रबंधन करें, योग-मेडिटेशन से इसमें लाभ पाया जा सकता है।

### संतुलन की समस्या

क्रोनिक इंफ्लामेटरी डिजीज (सीआईडी) आपके शरीर को अत्यधिक प्रतिक्रिया करने पर मजबूर करती है, जिस स्थिति में कई बार शरीर के स्वस्थ ऊतकों को भी नुकसान होने का खतरा रहता है। मल्टीपल स्केलेरोसिस ऐसी ही एक समस्या है जिसमें आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली, तंत्रिका कोटिंग को अटैक करती है। इससे तंत्रिका संकेतों में समस्या आ सकती है जिसके कारण आपका संतुलन बिगड़ सकता है।

### पीठ के निचले हिस्से में दर्द

क्रोनिक इंफ्लामेशन के कारण एंकिलॉज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या होना काफी सामान्य है जिसमें सूजन की समस्या आपके रीढ़ को भी प्रभावित करने लगती है। कभी-कभी, यह आपके कूल्हे, गर्दन, घुटनों या छाती के लिए भी समस्याकारक स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पीठ के निचले हिस्से में होने वाले दर्द की समस्या अगर लंबे समय से बनी हुई है और यह ठीक नहीं हो रही है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती है।



# धन को आकर्षित करने अपनाएं फेंगशुई टिप्स

प्राचीन काल से, धन को आकर्षित करने के लिए फेंगशुई का उपयोग किया जाता रहा है। फेंग शुई एक पारंपरिक चीनी प्रथा है जो पर्यावरण के सामंजस्य के लिए ऊर्जा बलों का उपयोग करने का दावा करती है। फेंगशुई एक चीनी शब्द है जहां फेंग का मतलब हवा और शुई का मतलब पानी होता है। फेंगशुई किसी के लिए धन या संपत्ति नहीं लाता है बल्कि यह घर और कार्यालय में एक ऐसा वातावरण बनाता है जो आपको धन और धन समृद्धि की ऊर्जाओं को आकर्षित करने के लिए समर्थन और शक्ति देता है। फेंगशुई में धन को आकर्षित करने के लिए कई आसान और सरल टोटके हैं।

### धन आकर्षित करने के लिए करें ये उपाय



यदि आप चाहते हैं कि आपके घर में धन का आगमन हो तो आपका घर हमेशा स्वागत योग्य दिखना चाहिए। इसलिए एक आकर्षक फ्रंट डोर की जरूरत है। डस्टबिन, शू रैक, या कोई पुराना या टूटा फूलदान पास रखने से बचें। वेल्थ पॉइंटर्स (एक तीर जो घर के अंदर की ओर इशारा करता है) का उपयोग करें। यह पैसे को अंदर आने का निर्देश देता है। चीनी सिक्कों द्वारा तीर बनाए जा सकते हैं। फेंगशुई प्रतीक न केवल धन को आकर्षित करते हैं बल्कि धन की रक्षा भी करते हैं। चीनी सिक्के, लकड़ी की कलाकृतियाँ, जल स्रोतों के वॉलपेपर धन ऊर्जा को आकर्षित करते हैं।

जहां आप अपने वित्तीय कार्यों का प्रबंधन करते हैं, उस क्षेत्र को अच्छी तरह से और ठीक से व्यवस्थित रखें। पैसों में वृद्धि और संचयन के लिए लकड़ी की कलाकृतियों, नीला रंग, चीनी सिक्कों, फेंगशुई रत्नों, बांस और अन्य प्रतीकों का उपयोग करें।

अपने घर में फेंग शुई प्रतीकों को प्रदर्शित करें जो आपको धन और प्रचुरता के बारे में बताते हैं। चीनी सिक्के और वॉलपेपर का उपयोग करें जो धन ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करते हैं। सोना और बैंगनी रंग एक मजबूत धन संबंध का प्रतिनिधित्व करते हैं। आप सोने और बैंगनी रंग की पेंटिंग, रग्स, फर्नीचर आदि का उपयोग कर सकते हैं।



# अरिंदम, अथर्व और प्रज्ञा व अक्षिता विजेता बने

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में हुई। रविवार को यूथ अंडर-17 (जूनियर) तथा यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एवं बालिका एकल वर्ग अंतिम दौर के मुकाबले हुए। इसके अलावा सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग प्रतियोगिता शनिवार 28 सितंबर को हुयी।

- वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता




प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचों में यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग के सेमीफायनल में अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने यशवंत डेकाटे (रायपुर) को 3-1 एवं सिद्धा धुपड़ (रायपुर) ने दीक्षांत जागड़े (बिलासपुर) को 3-0 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्ग के सेमीफायनल में समाया पांडे (रायपुर) ने चारवी मढरिया (दुर्ग) को 3-1 एवं आरना खोटेले (रायपुर) ने वेदी कछवाहा (रायपुर) को 3-0 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर -15 (सब जुनियर) बालक वर्ग सेमीफायनल में दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर) ने युवराज बंजारे (बिलासपुर) को 3-0 एवं श्रेष्ठ मिश्रा (रायपुर) ने कवीश काला (रायपुर) को 3-1 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर- 15 (सब जुनियर) बालिका वर्ग के सेमीफायनल में तिशा हरदेल (दुर्ग) ने सूची वर्मा (दुर्ग) को 3-2 एवं आहना सिंह (रायपुर) ने समाया पांडे (रायपुर)को 3-2 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में 28 सितंबर को सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग सम्पन्न हुई। जिसके समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन प्रदीप जनवदे ने किया। विशेष अतिथि एच डी एफ सी बैंक, रायपुर के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट मंदार कुलकर्णी थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ल, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव प्रेमराज जाचक, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में 28 सितंबर के फायनल मैच में सीनियर पुरुष एकल वर्ग में विजेता-अरिंदम देबनाथ (रायपुर), उपविजेता- एम. रविराज (दुर्ग) 4-0 सीनियर महिला एकल वर्ग में विजेता-प्रज्ञा पाठक (दुर्ग), उपविजेता-सुष्मिता सोम (बिलासपुर) 4-1 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग में विजेता-अथर्व साहू (दुर्ग), उपविजेता- अथर्व अग्रवाल (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग में विजेता-अक्षिता बीनू (बिलासपुर), उपविजेता- आरुषि मढ़रिया (दुर्ग) रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार तथा सहायक मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे एवं भूपेंद्र सिंह राजवंशी हैं।

### घर पर पिस्ता कुल्फी बनाकर जीत लीजिए अपनों का दिल



इन दिनों बारिश की विदाई है और सर्दियां आने को है। लेकिन मौसम गर्म है। ऐसे में घर पर आइसक्रीम का जायका ले सकते हैं। बाजार में मिलने वाली आइसक्रीम में कई तरह के केमिकल मिले होते हैं। बेहतर है घर पर ही मजेदार पिस्ता कुल्फी बनाएं। कुल्फी बनाने के लिए सबसे पहले एक लीटर दूध को एक बर्तन में डालकर उबाल लें। इसे तब तक उबालना है, जब तक ये आधा ना हो जाए। जब ये गाढ़ा हो जाएगा तो इसका रंग बदलना शुरू हो जाएगा। जब दूध गाढ़ा हो जाए तो इसमें चीनी और केसर के धागे डालकर 4 से 5 मिनट के लिए चलाएं।

दूध लगातार चलाने के बाद इसमें हरी इलायची का पाउडर डालकर गैस बंद कर दें। इसी दौरान कटे हुए पिस्ता दूध में डालें। अगर आप कुल्फी में मेवे डालना चाहते हैं तो दूध में अब कटे हुए मेवे डाल दें। इसके बाद दूध को ठंडा करके इसे कुल्फी के सांचे में डाल दें।

अब सही तरह से सांचे को फ्रिज में जमने के लिए रख दें। 4 से 5 घंटे जमने देने के बाद कुल्फी को चेक करें। जब ये अच्छे से जम जाए तो इसे निकाल कर परोसें। आप चाहें तो कुल्फी के ऊपर पिस्ता रखकर उसे सजा सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### सेंट्रल जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में छह टीमो ने लिया हिस्सा

# दिव्यांग क्रिकेट में विदर्भ की शानदार जीत दर्ज, उत्तर प्रदेश की टीम उपविजेता रही

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित श्री चतुर्भुज मेमोरियल ट्रॉफी सेंट्रल जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में छह टीमो ने भाग लिया। रविवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में पहले मैच में उत्तराखंड के विरुद्ध विदर्भ ने 91 रनों से जीत लिया। बल्लेबाजी में विदर्भ 12 ओवर में पांच विकेट पर 152 रन बनाए। बल्लेबाजी में उत्तराखंड ने 12 ओवर में 6 विकेट पर 61 रन बनाए। प्लेयर ऑफ़ द मैच सचिन हरीश चंद्रे रहे।

दूसरे मैच मध्य प्रदेश के विरुद्ध खेलते हुए छत्तीसगढ़ ने 40 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में छत्तीसगढ़ ने 12 ओवर में छह विकेट पर 114 रन बनाए। बल्लेबाजी में मध्य प्रदेश ने 12 ओवर में आठ विकेट पर 74 रन बनाए। प्लेयर ऑफ़ द मैच गज्जू नाग रहे।

तीसरे मैच में राजस्थान के विरुद्ध खेलते हुए उत्तर प्रदेश ने 5 विकट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में राजस्थान ने 12 ओवर में 5 विकेट पर 96 रन बनाए। बल्लेबाजी में उत्तर प्रदेश ने 11.2 ओवर में पांच विकेट पर 97 रन बनाए। प्लेयर ऑफ़ द मैच कासिम खान रहे। इन मैचो के अंपायर अनिल सिंह शंकर यादव एवं राधेश्याम ,स्कोरर विनोद देवघरे और जनक साहू, कॉमेंटेटर एस मनमद राव, अभय मोहरिल एवं सोमेश्वर राव थे। आज के मैचो के दौरान प्रतियोगिता के





कन्वेनर धीरज हाडे, को-ऑर्डिनेटर संजय भोस्कर एवं संजय तोमर, ,छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अरुण श्रीवास्तव ,उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, प्रबंधक आकाश वैष्णव, सचिव श्रीमंत झा ,पिच क्यूरेटर आजाद अहमद और जीवन सिंह सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थे। रविवार को सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए। जिसमें उत्तर प्रदेश ने 8 विकेट से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ ने 15 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन बनाए।

वहीं उत्तर प्रदेश ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाए। मैन ऑफ़ द मैच तनवीर अहमद रहे। खिलाडियों को पुरस्कार वितरित करने हेतु विशिष्ट अतिथि के रूप मे विजय बघेल सांसद दुर्ग, सहिराम जाखड़ उपमहाप्रबंधक ,क्रीड़ा विभाग,बी.एस.पी. रोबिन कुमार अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन शामिल हुए। फाइनल मैच विदर्भ एवं उत्तर प्रदेश के मध्य खेला गया जिसे विदर्भ ने नौ विकेट से जीता एवं इस प्रतियोगिता की विजेता बनी। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डे ने टीम को सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश ने 15 ओवर में आठ विकेट पर 115 रन बनाए। वहीं विदर्भ ने 11 ओवर में एक विकेट पर 117 रन बनाए। मैन ऑफ़ द मैच आनंद गोग्लिया रहे। इस प्रतियोगिता मे डी सी सी आई के महासचिव रविकांत चौहान ने उपस्थित होकर खिलाडियों का मनोबल बढ़ाया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# नवंबर में रिलीज होगी वेब सीरीज 'ड्यूनः प्रोफेसी' दर्शकों को इंतजार



'ड्यूनः प्रोफेसी' वेब सीरीज नवंबर में रिलीज होने जा रही है। दर्शक इसे जियो सिनेमा पर देख सकेंगे। वेब सीरीज 'ड्यूनः प्रोफेसी' की रिलीज को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस बहुप्रतिक्षित वेब सीरीज को नवंबर में रिलीज किया जाएगा। भारतीय दर्शक इस सीरीज को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसकी जानकारी खुद जियो सिनेमा की ओर से दी गई है। सीरीज को जियो सिनेमा प्रीमियम पर देखा जा सकेगा। दर्शक इस अपडेट का पाने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और अब इससे परदा हटा दिया गया है। जुलाई में जब 'ड्यूनः प्रोफेसी' का दूसरा टीजर ट्रेलर आया था तो दर्शकों ने इसे पसंद किया था। भारतीय दर्शक भी इस सीरीज को लेकर खासे उत्साहित है, क्योंकि इसमें तब्बू ने भी अभिनय किया है और टीजर में भी उनकी झलक देखने को मिली थी। इसमें तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का के रोल में नजर आएंगी। यह सीरीज केविन जे एंडरसन और ब्रायन हर्बर्ट द्वारा लिखे गए उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून से प्रेरित है। यह एक साइंस फिक्शन वेब सीरीज है। इसमें कुल छह एपिसोड होंगे। 'ड्यूनः प्रोफेसी' में एमिली, ओलिविया विलियम्स, ट्रैविस फिमेल, जोहदी मे, तब्बू, सारा-सोफी बोस्निना, एडवर्ड डेविस, फॉइलेन कनिंघम, मार्क स्ट्रॉन्ग, क्लो ली, जोश हेस्टन, जेड एनोका, शालोम ब्रून-फ्रैंकलिन, क्रिस मेसन और एओइफ हिंड्स ने अभिनय किया है। इस सीरीज का निर्माण कनिंग हैंड, एनाबेलिटा फिल्म्स और लेजेंडरी टेलीविजन द्वारा मिलकर गया है।

### टॉलीवुड

# 37 की उम्र में एटली के पास करोड़ों की संपत्ति, जानें नेटवर्थ



एटली कुमार भारत के सबसे मशहूर और बड़े निर्देशकों में से एक हैं। साउथ से अपने करियर की शुरुआत करने वाले एटली का असली नाम अरुण कुमार है। उन्होंने एस शंकर के साथ फिल्म एंथिरन में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर फिल्मी दुनिया में कदम रखा। एटली ने साल 2013 में फिल्म 'राजा रानी' से अपने करियर शुरुआत की। रिपोर्ट्स के मुताबिक 25 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 84 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म के लिए एटली को उन्हें 'बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर' का पुरस्कार भी मिला था। बता दें कि एटली के पास खुद का प्रोडक्शन हाउस भी है, जिसका नाम 'हाउस एप्पल प्रोडक्शन' है। एटली ने अपने करियर में कई शानदार और बंपर कमाई करने वाली फिल्मों का निर्देशन किया है। वह भारत के जाने-माने निर्देशकों में से हैं। एटली ने फिल्म 'बिगिल' का निर्देशन किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। बता दें कि एटली ने कई फिल्में भी लिखी हैं। उन्होंने निर्देशक और लेखक के रूप में कुल 5 फिल्में बनाई हैं, जिसमें शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'जवान' भी शामिल है। यह एटली की पहली हिंदी फिल्म थी। इस फिल्म ने उन्हें दक्षिण के अलावा हिंदी पट्टी क्षेत्रों में भी नाम कमाया। एटली की नेटवर्थ की बात करें तो वह करोड़ों में खेलने वालों में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी नेटवर्थ लगभग 42 करोड़ रुपये है। कहा जाता है कि वह अपनी फिल्मों के लिए भी मोटी रकम वसूलते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एक फिल्म के लिए करोड़ों में रुपये लेते हैं।

### भोजपुरी

# खेसारी की फिल्म 'अपराधी' जल्द मचाएगी धमाल, जच रहे हैं बिहारी



ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की नई फिल्म 'अपराधी' इस दुर्गापूजा पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। इससे पहले शेखर शर्मा की निर्देशित खेसारीलाल की दो फिल्में 'मुकद्दर' और 'बागी' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थीं। फिल्म 'अपराधी' में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री, और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म 'अपराधी' को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है। हमारी टीम ने इस पर कड़ी मेहनत की है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे बहुत प्यार देंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अपराधी' में गांव का असली अंदाज और जज्बात दिखाने की कोशिश की गई है, जिसे दर्शक बड़े पर्दे पर जरूर एंजॉय करेंगे।

## भारतीयता की झलक



हालांकि, हर संस्कृति और जनजाति में आधुनिक और पारंपरिक कपड़े होते हैं। लेकिन पारंपरिक भारतीय कपड़ों ऐसा बहुत कुछ खास है जो आपको अपनी संस्कृति से जोड़े रखता है। भारत में, वे प्रत्येक क्षेत्र की जातीयता, भूगोल और सांस्कृतिक परंपराओं के आधार पर कपड़े चुनते हैं या निर्धारित करते हैं। इन दिनों फैशन शो में भारतीय कपड़ों की धूम है।

# त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है ग्लिसरीन



3अगर आप अपने चेहरे पर सीधा ऐसे ही ग्लिसरीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसका ज्यादा कुछ असर देखने को नहीं मिलेगा लेकिन अगर आप कुछ चीजों को इसके साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएंगे तो असर कुछ दिन में दिखने लगेगा। अगर आपकी त्वचा काफी रूखी है तो ग्लिसरीन में गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी और साथ ही में चेहरा भी ग्लो करेगा। अगर आप चेहरे पर होने वाले पिंपल्स के दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी और ग्लिसरीन को मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक को कुछ समय चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अगर आप पिगमेंटेशन से परेशान हैं तो ग्लिसरीन के साथ शहद को मिलाकर लगाएं। एक्ने और पिंपल से छुटकारा पाने के लिए भी आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप स्किन पर खुजली और लालिमा से परेशान हैं तो ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा ग्लो करेगा। ग्लिसरीन आपको बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। रोजाना इसके इस्तेमाल से आपको कई फायदे मिलते हैं। ग्लिसरीन का इस्तेमाल करके आप न सिर्फ त्वचा की नमी बरकरार रख सकते हैं बल्कि पिंपल, एक्ने और दाग-धब्बों की समस्या से भी राहत पा सकते हैं।

# खास सूट डिजाइंस आपके लिए, दिखेंगी आकर्षक




3रोजाना के लिए हम सलवार-सूट पहनना पसंद करते हैं। वहीं त्यौहारों के मौके पर एथनिक वियर को स्टाइल करते हैं। इसके कई डिजाइन और पैटर्न आपको ऑनलाइन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप सेलिब्रिटीज की तरह स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो कुछ खास डिजाइन से इंस्पायर हो सकती हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि आजकल बहुत सी सेलिब्रिटी आए दिन अपने स्टाइलिश सूट लुक्स को सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं, जिन्हें देख फैंस भी इंस्पायर हो रहे हैं। तो चलिए देखते हैं एक्ट्रेस के कुछ स्टाइलिश सूट लुक्स जिन्हें आप त्यौहारों के मौके पर आसानी से रीक्रिएट कर सकती हैं और स्टाइलिश दिख सकती हैं।



### निऑन कलर सूट

निऑन कलर को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। इस हैवी सूट को डिजाइनर तुलपलव द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बालों के लिए मेसी लुक पोनीटेल हेयर स्टाइल बना सकती हैं। मेकअप के लिए ब्लश पिंक कलर का चुनाव करें।

### नायरा कट सूट

आजकल नायरा कट सूट डिजाइन फैशन में नजर आ रहा है। वहीं इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए ओपन हेयर स्टाइल को चुनें। साथ ही हैवी झुमकी इयररिंग्स को पहनकर लुक को कम्प्लीट करें।

### पेप्लम स्टाइल सूट

कुछ अलग डिजाइन का सूट पहनना चाहती हैं तो इस तरह का पेप्लम कुर्ती के साथ शरारा सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस शरारा सूट को डिजाइनर गोपी वैद द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको लगभग 1200 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें। वहीं इस तरह का सूट बनवाने के लिए आप घर पर रखी पुरानी साड़ी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

# क्लासी लुक के लिए ऑफिस में पहनें इयररिंग्स, मिलेगी तारीफ



ऑफिस जाने के लिए जिस तरीके से हम अपने आउटफिट का खास ध्यान रखते हैं वैसे ही हम एक्सेसरीज कौन सी स्टाइल करें। इसके बारे में भी हमेशा सोचते रहते हैं। कई बार ऐसे आउटफिट में ऑफिस में वियर करते हैं जिनके साथ समझ नहीं आता कि कौन से इयररिंग्स को स्टाइल करें ताकि खूबसूरत नजर आएं। ऐसे में आप यहां से इयररिंग्स डिजाइन का ऑप्शन सर्च कर सकती हैं ताकि लुक भी क्लासी लगे और आप इन्हें स्टाइल करके कम्फर्टेबल फील कर सके।

### हार्ट शेप स्टड इयररिंग्स

अगर आपको स्टड इयररिंग्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप हार्ट शेप वाले ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स दिखने में छोटे होते हैं लेकिन पहनने में काफी क्लासी लगते हैं। इसे आप आसानी से ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरीके के डिजाइन और ऑप्शन मिल जाएंगे। इन्हें स्टाइल करना आप इसलिए भी पसंद करेंगी, क्योंकि ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से स्टाइल हो जाते हैं। इसे आप शर्ट पैंट, ड्रेस या फिर जींस टॉप के साथ भी पहन सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 250 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

### हूप्स इयररिंग्स

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के हूप्स इयररिंग्स के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस वियर ड्रेस (ऑफिस में स्टाइल करें ये आउटफिट) के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क हूप्स, सिंपल हूप्स, जिकजैक हूप्स वैगरह जैसे और भी ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ऑफिस में पहन

# स्टाइलिश लुक के लिए साड़ी के साथ ट्राई करें बैक

साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। लेकिन उसके साथ सिर्फ सेम डिजाइन का ब्लाउज पहनकर आप बोर हो गई होंगी। ऐसे में आपका भी मन होता होगा कुछ नए डिजाइन ट्राई करने का। इसके लिए आप डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ये ब्लाउज भी साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि ये सिंपल साड़ी लुक को भी स्टाइलिश बना देते हैं। अगर आपको बैक डोरी वाले ब्लाउज पसंद है तो ये डिजाइन आपको काफी अच्छे लगेंगे।



### डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन

अगर आप एक ही तरह के ब्लाउज डिजाइन पहनकर बोर हो गई हैं तो इस बार ट्राई करें डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन। इस तरीके के ब्लाउज काफी क्लासी लुक देते हैं। इसमें बैक डीप होती है साथ ही ऊपर बाजू के पास और नीचे कमर पर डोरी लगाई जाती है। इससे ब्लाउज और ज्यादा अच्छा लगने लगता है। इसका जो बो नीचे की तरफ बनाया जाता है वो थोड़ा चौड़ा होता है और ऊपर की डोरी पतली रखी जाती है। इस तरीके के डोरी डिजाइन वाले ब्लाउज सिल्क साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं।

### लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन

बिना डीप रखे अगर आपको अपने ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत दिखाना है तो इसके लिए आप लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज में आपको पीछे के नेकलाइन को डीप नहीं रखना पड़ेगा। बस आपको इसके लिए लेयर डोरी बनानी होगी। इसके लिए आपको एक ट्रायंगल बनाना है फिर दूसरा बनाना है इसके बाद तीसरा ट्राई एंगल बनाकर इसे डोरी के साथ चिपका देना है। ऐसे आपका लेयर डोरी डिजाइन ब्लाउज रेडी हो जाएगा।


## कार्नर न्यूज

**नाइट पार्टी मेकअप के लिए कुछ नया लुक क्रिएट करने की चाह आपको बनाएगी दूसरों से अलग**

# नाइट पार्टी में परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो इन मेकअप लुक्स को करें फॉलो

नाइट पार्टी का मेकअप कुछ खास होता है। इसे इस्तेमाल करने कुछ तैयारियां करनी होती है। रात के वक्त मेकअप कुछ ऐसा होना चाहिए कि सबकी नजर आप पर हो। यहां दिए गए टिप्स से आप अपना मेकअप और बेहतरीन बना सकती हैं।

न्यूड मेकअप लुक्स आजकल पार्टी के लिए न्यूड मेकअप लुक काफी पसंद किया जा रहा है। ये लुक देखने में मिनिमल लगता है लेकिन इसे क्रिएट करने में काफी समय लगता है। इस बेस को करने के लिए आपको हैवी बेस या फिर बोल्ड आंखों की जरूरत नहीं है, बल्कि आप केवल कंसीलर और ब्रोंजर की मदद से इस लुक को क्रिएट कर सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ लिप्स को न्यूड और आंखों को बोल्ड कर सकती हैं। इसके लिए भी आपको न्यूड और ब्लैक शेड का इस्तेमाल करना होगा।



### ग्लॉसी मेकअप लुक्स

अगर आपको पार्टी ग्लोइंग स्किन चाहिए तो इसके लिए आप ग्लॉसी मेकअप (मिनिमल मेकअप लुक) लुक्स क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए आपको बेस के साथ हाइलाइटर का इस्तेमाल करना होगा। आप इस मेकअप लुक के लिए आंखों पर शिमर कलर का इस्तेमाल करें। लिप्स के लिए आपको मैट की जगह ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करना है। इस तरीके के लुक के बाद आपकी स्किन शाइन करती है। ऐसे मेकअप लुक्स को आप पार्टी में ट्राई कर सकती हैं।



### बोल्ड आई मेकअप लुक

नाइट पार्टी के लिए अगर आप कुछ नया लुक सर्च कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है बोल्ड आई मेकअप लुक (परफेक्ट मेकअप लुक)। इस तरीके के लुक्स बोल्ड होते हैं साथ ही लुक को स्टाइलिश बनाते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ अपनी आंखों को बोल्ड करना होगा और लिप्स पर लाइट शेड को लगाना होगा। बेस को भी आपको थोड़ा हैवी रखना है। तभी आपका बोल्ड आई मेकअप लुक क्रिएट हो जाएगा। इस तरीके से आप अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं और पार्टी में स्टाइलिश लग सकती हैं।